रोहतक

बुधवार, 3 दिसंबर 2025

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 304

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 27.0
न्यून. 5.6

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,138.27 | 503.63 ▼ |
| निफ्टी | 26,032.20 | 143.55 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,31,530/- | 1670/- ▼ |
| चांदी | 1,81,360/- | 4360/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 89.96 | 43 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 63.03 बैरल 0.25% ▼

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# सीएम सैनी से मिल कनाडाई राजदूत बोले, हरियाणा के स्किल्ड युवाओं को रोजगार में देंगे प्राथमिकता

**ऊर्जा, खनन, शिक्षा और निवेश जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार सूबे को शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक हब बनाने के लगातार प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में भारत में कनाडा के राजदूत क्रिस्टोफर कूटर ने सीएम नायब सिंह सैनी से उनके निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात हरियाणा और कनाडा के बीच नए सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्तों को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। सैनी ने कहा कि प्रदेश के युवा मेहनती व तकनीकी तौर पर सक्षम हैं, जिन्हें वैश्विक अवसरों से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। कनाडाई राजदूत ने आश्वस्त किया कि सूबे के स्किल्ड युवाओं को कनाडा में रोजगार उपलब्ध कराने में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

### विस्तृत रोडमैप पर भी विचार-विमर्श किया

**हरियाणा में खुलेगा कनाडा का विवि**

इस अवसर पर कनाडा ने हरियाणा राज्य के साथ शिक्षा, निवेश और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने की पेशकश करने के साथ-साथ कनाडा द्वारा हरियाणा में एक विश्वविद्यालय खोलने पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान चर्चा की गई कि फास्ट ट्रैक सिस्टम के माध्यम से हरियाणा और कनाडा के निवेश प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाया जाएगा। फास्ट ट्रैक सिस्टम के माध्यम से अनुमति प्रक्रियाओं के सरलीकरण, विभागों के बीच समन्वय सहित सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



**निवेश प्रक्रियाओं को सरल-तेज करेंगे**

क्रिस्टोफर कूटर ने मुख्यमंत्री के साथ वेस्ट टू एनर्जी, विद्युत उत्पादन और कनाडा के खनन क्षेत्र में हरियाणा के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कनाडा के निवेशकों को हरियाणा में निवेश के लिए आकर्षित करने संबंधी विस्तृत रोडमैप पर भी विचार-विमर्श किया, ताकि दोनों पक्षों के व्यावसायिक संबंध और अधिक मजबूत तथा परिणाम मुखी बन सकें। दोनों पक्षों ने सहमति व्यक्त की कि फास्ट ट्रैक सिस्टम के माध्यम से हरियाणा–कनाडा निवेश प्रक्रियाओं को सरल और तेज किया जाएगा।

**क्रिस्टोफर ने सीएम को दिया आश्वासन**

क्रिस्टोफर ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में हरियाणा और कनाडा के बीच यह साझेदारी बहुआयामी रूप से आगे बढ़ेगी और इसका लाभ सीधे–सीधे प्रदेश के लोगों और युवाओं को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**राज्य सरकार ने ईज ऑफ डुइंग को प्राथमिकता दी**

सीएम सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें शिक्षा, ऊर्जा, एआई इत्यादि क्षेत्रों का प्रमुख योगदान होगा। सीएम ने कहा कि हरियाणा को वैश्विक मंच पर निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थल बनाने के लिए राज्य सरकार ने ईज ऑफ डुइंग को प्राथमिकता दी है। इसके लिए सरकार ने अलग से विदेश सहयोग विभाग का गठन किया है, जो लगातार राजदूतों और निवेशकों व अन्य प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर परस्पर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### देश सांस्कृतिक रूप से एकजुट रहा : भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि महात्मा गांधी ने अपने लेखन में साफ तौर पर बताया था कि अंग्रेजों ने भारत के बारे में यह झूठी कहानी फैलाई कि यहां उनके आने से पहले एकता नहीं थी। ब्रिटिश शासन ने भारत की एकता और उसकी प्राचीन राष्ट्र अवधारणा पर संदेह पैदा करने की कोशिश की, जबकि देश प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक रूप से एकजुट रहा है। नागपुर में राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में डॉ. भागवत ने महात्मा गांधी की किताब 'हिंद स्वराज' का जिक्र किया।

### सीबीएसई एग्जाम के लिए नई गाइडलाइंस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम 2026 के लिए एसओपी जारी कर दिए हैं। विंटर बाउंड स्कूलों में प्रैक्टिकल एग्जाम 6 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे, रेगुलर सेशन स्कूलों के लिए परीक्षा तिथियां 1 जनवरी से 14 फरवरी तय की गई हैं। *एजेंसी*



### जनगणना का शेड्यूल जारी, दो चरणों में होगी

**नई दिल्ली।** जनगणना को दो फेज में कराने का निर्णय लिया गया है। पहले फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चलेगा। दूसरा फेज फरवरी 2027 में होगा। केंद्र ने यह जानकारी लोस में दी। राहुल गांधी के सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि पहले फेज में हाउस लिस्टिंग और हाउस सेंसस किया जाएगा, दूसरे फेज में पॉपुलेशन एन्यूमरेशन होगा। (एजेंसी)

### राजमार्गों पर मिलेंगे खतरे के लाइव अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रिलायंस जियो के साथ मिलकर एक नई मोबाइल-आधारित सेफ्टी अलर्ट प्रणाली विकसित की है, जिसका उद्देश्य देशभर के हाईवे नेटवर्क पर यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाना है। हाल ही में हुए समझौते के तहत अब दुर्घटना-प्रवण इलाकों से लेकर कोहरे, भटकते मवेशियों या आकस्मिक डायवर्जन जैसे खतरनाक जोन की जानकारी सीधे यात्रियों के मोबाइल फोन पर भेजी जाएगी। (एजेंसी)

### इंडिगो विमान की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**हैदराबाद।** बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद मंगलवार को इंडिगो की कुवैत-हैदराबाद उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतारा गया। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मामले की जांच जारी है। धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया था कि हैदराबाद में विमान के उतरने के बाद विस्फोटक उपकरणों से हमला करने की योजना बना रहे हैं।

### भोपाल त्रासदी : तीसरी पीढ़ी के डीएनए में जहर

**भोपाल।** 2 और 3 दिसंबर 1984 की दरमियानी वह भयावह रात आज भी भोपाल को डराती है, जब यूनियन कार्बाइड (यूसी) फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस रिसकर शहर की हवा में घुल गई थी। इस जहरीली गैस ने हजारों लोगों की जान तो तुरंत ले ली, लेकिन इसका दंश अब तीसरी पीढ़ी के रक्त व जीन तक पहुंच चुका है। *एजेंसी*

# अगले सप्ताह वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर चर्चा

**लोकसभा में टूटा गतिरोध, वंदेमातरम पर 8 को और चुनाव सुधार पर 9 को चर्चा**

- *सरकार ने बहस के लिए अड़े विपक्ष को तुरंत मनाया*
- *सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में लिया फैसला*
- *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरूआत करेंगे*
- *सदन में बहस के लिए 10 घंटे का समय तय किया*

*सभी दलों के नेताओं की लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद कार्य मंत्रणा समिति की बैठक भी हुई, जिसमें इन सभी विषयों पर चर्चा करवाने पर मुहर लगी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा से जुड़ी विपक्ष की मांग को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिससे शीतकालीन सत्र के शुरुआती दो दिनों से जारी गतिरोध के खत्म होने के आसार हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में यह सहमति बनी कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना के 150 साल पूरा होने के विषय पर सोमवार को तथा चुनावों सुधारों के मुद्दे पर मंगलवार एवं बुधवार को चर्चा होगी। इस बैठक के बाद कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की भी बैठक हुई, जिसमें इन विषयों पर चर्चा कराने पर मुहर लगाई गई।

**सदन में लगातार दो दिन से चल रहा है हंगामा**

**विपक्ष की बैठक आज**

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के दोनों सदनों के नेताओं की बुधवार सुबह संसद भवन में बैठक होगी, जिसमें वे आगे की रणनीति तय करेंगे। सोमवार से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई।



**संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने 'एक्स' पर किया पोस्ट**

यह भी तय किया गया है कि आगामी सोमवार को सदन में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ' मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सोमवार आठ दिसंबर को दोपहर 12 बजे से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में चर्चा और मंगलवार नौ दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधार पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया है।

**एसआईआर पर चर्चा के लिए अड़ा था विपक्ष**

बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में यह सहमति बनने के बाद सदन में जारी गतिरोध खत्म होने के आसार हैं। बीएसी की बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने संवाददाताओं से कहा कि बीएसी की बैठक के बाद वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर चर्चा के बारे में फैसला किया गया। सोमवार को वंदे मातरम पर और इस चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री करेंगे। मंगलवार और बुधवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी तथा जरूरत पड़ने पर समय बढ़ाया जा सकता है। एसआईआर के मुद्दे पर लोकसभा में सोमवार और मंगलवार को गतिरोध की स्थिति बनी रही।

*अल-फलाह यूनिवर्सिटी में खड़ी ब्रेजा कार में छिपाए थे हथियार*

# दिल्ली ब्लास्ट: डॉ. शाहीन की कार से मिली असाल्ट राइफल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल लेडी डॉक्टर शाहीन सईद को लेकर लगातार खुलासे हो रहे हैं। ब्लास्ट के बाद शाहीन को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी में खड़ी उसकी ब्रेजा कार से जांच के दौरान एक क्रिनकोव असाल्ट राइफल और एक विदेशी पिस्टल बरामद हुई थी। 13 नवंबर को बरामद इस कार की जानकारी अब सामने आई है। यही वह कार है, जिसे 25 सितंबर 2025 को खरीदा गया था। एजेंसी से कार की डिलीवरी के समय डॉ. शाहीन के साथ डॉ. मुजम्मिल शकील भी था। सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी तस्वीर डाली गई थी। सूत्रों के मुताबिक, डॉ. शाहीन की कारों को अक्सर डॉ. मुजम्मिल इस्तेमाल करता था। जिन गाड़ियों में विस्फोटक सामग्री की ढुलाई की गई थी, वे भी डॉ. शाहीन और डॉ. उमर नबी के नाम ही थी।

**25 सितंबर को खरीदी गई थी कार**

13 नवंबर को बरामद इस कार की जानकारी अब सामने आई है। यही वह कार है, जिसे 25 सितंबर 2025 को खरीदा गया था। कार की डिलीवरी के समय डॉ. शाहीन के साथ डॉ. मुजम्मिल था। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर डाली थी। डॉ. शाहीन की कारों को अक्सर डॉ. मुजम्मिल इस्तेमाल करता था। जिन गाड़ियों में विस्फोटक सामग्री की ढुलाई की गई थी, वे भी डॉ. शाहीन व डॉ. उमर नबी के नाम ही थी।



**30 डॉक्टरों के बयान भी दर्ज कर चुकी एजेंसी**

इसी बीच यूनिवर्सिटी में जब शाहीन के कमरे की तलाशी ली तो वहां बनाए गए सीक्रेट लॉकर से 18.50 लाख कैश, सोने के 2 बिस्कुट, खाड़ी देशों की करेंसी बरामद हुई थी। डॉ. शाहीन अभी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की गिरफ्त में है। एजेंसी अभी तक यूनिवर्सिटी के 30 डॉक्टरों के बयान भी दर्ज कर चुकी है। इन डॉक्टरों में अधिकतर जम्मू-कश्मीर से संबंध रखते हैं। जांच एजेंसी इन डॉक्टरों का बैकग्राउंड खंगाल रही है।

**यूं खुली परतें**

खास बात ये है कि जेएंडके पुलिस डॉ. आदिल की गिरफ्तारी के बाद मिले इनपुट पर सिर्फ रूटीन चेकिंग के लिए यहां आई थी। कार से हथियार बरामद होने के बाद फरीदाबाद और जम्मू-कश्मीर पुलिस को आरोपियों के इरादे का अदाजा लगा और फिर सारी एजेसियां हरकत में आयीं। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर शाहीन के पासपोर्ट के मामले में भी नई जानकारी सामने आई है।

**6 साल सऊदी अरबिया में रही शाहीन :** सूत्रों की मानें तो शाहीन के लॉकर से सऊदी अरेबिया की करेंसी मिलने के बाद एनआईए अब शाहीन की पूर्व में की गई यात्राओं का रेकॉर्ड खंगाल रही है। 2018 से 2024 तक वह सऊदी अरब में रही है। इस दौरान बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर आदि देशों की यात्राएं कर चुकी।

*8 को कैबिनेट बैठक में मुहर संभव*

## 18 से शुरू हो सकता है हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। चंडीगढ़ में सीएम सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रियों के साथ हुई अनौपचारिक बैठक में इस पर सहमति बनी। हालांकि, शीतकालीन सत्र की तारीख पर अंतिम फैसला आठ दिसंबर को होने वाली कैबिनेट बैठक में होगा। सीएम सैनी ने सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को शीतकालीन सत्र की तैयारी में जुटने के निर्देश दिए हैं। कैबिनेट बैठक में उन प्रस्तावों को भी रखा जाएगा, जिन्हें बिल के रूप में विधानसभा में पारित कराया जाना है।



मंत्रियों के साथ मीटिंग में सीएम की सहमति

*दौरे से पहले दिल्ली में हाई अलर्ट*

## व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय दौरे पर कल पहुंचेंगे दिल्ली

**नई दिल्ली (भाषा)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पहले कई सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी में उनके मार्ग एवं कार्यक्रमों के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त की तैयारी में जुटे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुतिन चार दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचेंगे। रूसी राष्ट्रपति के विस्तृत यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति की अग्रिम सुरक्षा और प्रोटोकॉल टीम के 50 से अधिक कर्मी राजधानी पहुंच गए हैं। टीम समग्र सुरक्षा ढांचे का विस्तृत निरीक्षण कर रही है।



दौरे से पहले 50 रूसी अफसरों की टीम पहुंची

*कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोले-हम एकजुट*

## आलाकमान के निर्णय लेने पर शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि उनके और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच मतभेद नहीं है और वे दोनों एकजुट होकर सरकार चला रहे हैं तथा भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे। उन्होंने फिर कहा कि नेतृत्व के मुद्दे पर वह और शिवकुमार, आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। जब आलाकमान फैसला करेगा तो शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। सिद्धरमैया ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए मंगलवार को शिवकुमार के आवास पर नाश्ता किया। कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी रस्साकशी के बीच कुछ दिन पहले भी दोनों नेताओं ने साथ में नाश्ता किया था।



मुख्यमंत्री पद को लेकर रस्साकशी जारी

### भारत ने पाकिस्तान के लिए खोल दी अपनी हवाई सीमा

नई दिल्ली (ब्यूरो)। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 से 10 मई 2025 तक चली सशस्त्र सेनाओं की ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही के बाद भारत-पाकि के बीच पहला बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला है। जिसमें भारत ने श्रीलंका के दित्वा चक्रवात प्रभावितों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के पाक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उसके लिए चंद घंटों के अंदर ही अपनी हवाई सीमा खोल दी है। पाकिस्तान है कि वो इस मामले में भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पड़ोसी दुश्मन देश के विदेश मंत्रालय द्वारा इस संबंध में भारत के खिलाफ किए जा रहे दुष्प्रचार का करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक अंदाज में यह बता दिया कि उसके द्वारा की जा रही बयानबाजी एक बार फिर से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश का हिस्सा मात्र है।

*रोहिंग्या मामले में सुको ने पूछा*

## क्या घुसपैठियों के स्वागत को रेड कार्पेट बिछाई जाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** रोहिंग्या मामले में सुप्रीम कोर्ट तीखे सवाल किए हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें रोहिंग्याओं को 'शरणार्थी' घोषित किया गया हो? अगर कोई घुसपैठी है तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? अगर कोई घुसपैठिया आता है तो क्या हम उनके लिए लाल कार्पेट बिछाकर स्वागत करें? हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? याची का कहना था कि रोहिंग्या को हिरासत से गायब किया गया है जबकि उनका डिपोर्टेशन तय प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए।



सुको ने सुनवाई के दौरान तीखे सवाल किए

## बोर्ड-निगमों के एनपीएस कर्मियों को भी रिटायरमेंट व डेथ ग्रेच्युटी का लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने एक जनवरी, 2006 के बाद सेवा में आए और न्यू डिफाइंड कॉन्ट्रिब्यूटरी पेंशन स्कीम (एनपीएस) के अंतर्गत आने वाले बोर्डों, निगमों, कम्पनियों और सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों को भी मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति उपादान (डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्यूटी) का लाभ देने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, द्वारा राज्य के सभी बोर्डों, निगमों, कम्पनियों और सहकारी संस्थाओं के प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को एक पत्र जारी किया है।

**सभी अफसरों को मामलों की पूरी जांच और सत्यापन के बाद फैसला लेने के दिए निर्देश**

**पत्र का दिया हवाला**

पत्र में वित्त विभाग के 19 जनवरी, 2017 का हवाला देते हुए बताया गया है कि एनपीएस के अंतर्गत आने वाले राज्य सरकार के कर्मी उसी तरह रिटायरमेंट ग्रेच्यूटी तथा डेथ ग्रेच्यूटी प्राप्त करने के पात्र होंगे, जो सीएसआर वॉल्यूम-2 के अंतर्गत कर्मचारियों को प्रदान किए जाते हैं। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मामलों की पूरी जांच और सत्यापन के बाद ही रिटायरमेंट/डेथ ग्रेच्यूटी प्रदान की जाए। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इन उपादानों के कारण बढ़ने वाले वित्तीय दायित्वों को सम्बन्धित बोर्ड या निगम द्वारा स्वयं के संसाधनों से पूरा किया जाएगा।

**पीएमओ बोला-सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रही सरकार**

# पीएम कार्यालय 'सेवा तीर्थ' केंद्रीय सचिवालय कर्तव्य भवन, राजभवन 'लोक भवन' कहलाएंगे

**सार्वजनिक संस्थानों में हो रहा बड़ा बदलाव**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। सूत्रों ने मंगलवार को जानकारी दी। पीमओ अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था।

**सेवा तीर्थ में क्या-क्या होगा**

- पीएमओ सेवा तीर्थ-1 से काम व सेवा तीर्थ-2 में सचिवालय होंगे
- सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का कार्यालय भी होगा

**इसलिए बदला राज भवन का नाम**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा।



**78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से शिफ्ट होगा पीएमओ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) अब 78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से निकलकर 'सेवा तीर्थ' नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है। यह बदलाव सेंट्रल विस्टा री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का बड़ा हिस्सा है। 14 अक्टूबर को कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन सेवा तीर्थ-2 में सेना प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर चुके हैं।

**सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट**

सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक कई इमारतों का री डेवलपमेंट और कंस्ट्रक्शन शामिल है। इसमें नया संसद भवन, मंत्रालय के कार्यालयों के लिए केंद्रीय सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास, उप-राष्ट्रपति आवास का निर्माण किया जाना है। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की घोषणा सितंबर, 2019 में हुई थी। 10 दिसंबर, 2020 को पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। सरकार ने पूरे प्रोजेक्ट के लिए 20 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है। कर्तव्य पथ के दोनों तरफ के इलाके को सेंट्रल विस्टा कहते हैं।

**भाव बढ़ने के इंतजार : 4000 से 4100 रुपये क्विंटल बिक रहा, बीते साल के भाव 4500 रुपये तक था**

# बासमती का स्टॉक कर रहे किसान, अब तक 46 हजार एमटी कम आया धान

**बीते साल से आवक में 17 प्रतिशत की कमी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले की अनाज मण्डी में किसानों को बासमती धान का बीते वर्ष की तुलना में कम भाव मिल रहा है। अनाज मंडी में धान 4000 से 4100 रुपए प्रति क्विंटल तक बिक रहा है। बीते वर्ष की तुलना में धान के भाव में 300 से 400 रुपए तक का अंतर है। भाव में अंतर होने के चलते किसानों ने भाव बढने की उम्मीद में धान का स्टॉक करना शुरू कर दिया है। इससे अनाज मंडी में धान की आवक 46 हजार क्विंटल तक कम हो गई है। बीते वर्ष जिले की मण्डियों में 2 लाख 72 हजार 523 एमटी बासमती धान की खरीद हुई थी जबकि इस साल यह 17 प्रतिशत कम होकर 2 लाख 25 हजार 822 एमटी रह गई है। फतेहाबाद की नई व पुरानी अनाज मंडी में धान का सीजन चला हुआ है। सीजन के दौरान अनाज मंडी में 2 लाख 25 हजार 822 एमटी क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। अनाज मंडी में धान की कई किस्मों की आवक होती है। इनमें 1509, 1121, 1885, 1718, 1847 बासमती व डुप्लीकेट बासमती की किस्म शामिल हैं। बासमती धान का भाव भी अन्य किस्मों की तुलना में अधिक होता है।

**फतेहाबाद अनाज मंडी आवक 60 हजार क्विंटल से गिरकर 30 हजार क्विंटल पहुंची**

बीते वर्ष बासमती धान का भाव 4500 रुपए प्रति क्विंटल तक था, जबकि इस बार बासमती धान का भाव 4 हजार से 4100 रुपए तक है। ऐसे में किसानों को अपनी फसल का प्रति क्विंटल कम भाव मिल रहा है। कम भाव से किसान संतुष्ट नहीं हैं।



### किस्म अनुसार फसल की आवक

| किस्म | 2023 (आवक) | 2024 (आवक) |
|---|---|---|
| 1509 | 65024 | 115870 |
| डी-बी | 82745 | 103293 |
| बासमती | 78054 | 53360 |
| पीआर | 1011943 | 692475 |

*(नोट : धान की आवक मीट्रिक टन में)*

### कम हुई धान की आवक

नई अनाज मंडी में धान की आवक में कुछ कमी आई है। किसान भाव बढने की उम्मीद कर रहे हैं। भाव में तेजी आने पर फसल की आवक बढ़ जाएगी।
**-यशपाल मेहता**, सचिव, मार्केट कमेटी, फतेहाबाद

### विदेशों में डिमांड बढ़ी : एक्सपोर्टर बोले- धीरे- धीरे बासमती चावल के दाम में बढ़ोतरी के आसार

भाव बढने के इंतजार में किसानों ने धान का स्टॉक करना शुरू कर दिया है। अनाज मंडी में बीते सप्ताह तक प्रतिदिन 60 हजार क्विंटल तक धान की आवक हो रही थी। धान की आवक अब कम होकर 30 हजार क्विंटल तक रह गई है। बता दें कि दीपावली के आसपास जब 1509 की शुरूआत होती है, उसके बाद पीआर की वैरायटी आनी शुरू हो जाती है। इस बीच बासमती की किस्म 1121, डी-बासमती, शरबती व मुच्छल की विभिन्न किस्मों का धान मण्डी में आता है। पीआर किस्म का धान जहां सरकार एमएसपी पर खरीदती है वहीं बासमती की विभिन्न किस्मों की खरीद निजी व्यापारियों द्वारा की जाती है। यहां विभिन्न राइस शैलर मालिक व एक्सपोर्टर धान की बोली लगाकर इसकी खरीद करते हैं। शुरूआती दौर में 1509 के भाव 2400-2600 थे जबकि अन्य किस्मों के भाव 2800-2900 थे। इस बार मौसमी बरसात से उत्पादन कम हुआ वहीं विदेशों में बासमती चावल के डिमांड ज्यादा निकली है। यही कारण है कि बासमती के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जिंदल इंडस्ट्रीज के एमडी व प्रसिद्ध राइस एक्सपोर्टर अजय जिंदल का कहना है कि अभी दाम धीरे-धीरे और बढ़ेंगे।

### देश से यूरोप, मिडल ईस्ट सहित 40 देशों में एक्सपोर्ट होता बासमती चावल

उल्लेखनीय है कि बासमती के दामों में कोई अधिकतम या न्यूनतम दाम नहीं होते। आज से कुछ वर्ष पूर्व मुच्छल धान जिसे डुप्लीकेट बासमती भी कहते हैं, वह 5 हजार रुपये प्रति क्विंटल के जादूई आंकड़े को पार कर गया था। उस साल उत्पादन भी ज्यादा था। दाम ज्यादा मिलने से धान उत्पादक किसानों के वारे-न्यारे हो गए थे। बीते वर्ष मिडल ईस्ट देशों में डिमांड निकलने से भाव अच्छे थे। यहां से बासमती चावल यूरोप, मिडल ईस्ट के देशों सहित करीब 40 देशों में एक्सपोर्ट होता है। बेमौसमी बरसात से जहां बासमती का उत्पादन कम हुआ है वहीं मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर फर्जी खेल के चलते परमल धान की खरीद 3.19 लाख एमटी से ज्यादा हुई है। बीते वर्ष 692475 एमटी धान की खरीद हुई थी। इस साल यह बढ़कर 1011943 हो गई है। माना जा रहा है कि फसल तो कम थी लेकिन व्यापारियों के फर्जी खेल के चलते सरकारी खरीद में इजाफा हो गया। बताया जा रहा है इस बार बिहार सहित अनेक बाहरी राज्यों से यहां धान की आवक हुई है। सीएम ने जांच के आदेश दे रखे है।

# मुख्यमंत्री ने सदन संदेश पत्रिका का विमोचन किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा का एक वर्ष पूरा होने पर प्रकाशित पत्रिका सदन संदेश का विमोचन मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह ने किया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक बीबी बतरा, सलाहकार संपादक डॉ. चंद्र त्रिखा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंत्री और पक्ष-विपक्ष के विधायक मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सदन संदेश पत्रिका जन-जन को विधायिका के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएगी।




### विस स्पीकर व माननीय रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि यह समारोह कैपिटल कॉम्प्लेक्स में विधान भवन के सेरेमोनियल गेट पर हो रहा है, जो अपने आप में अनूठा है। इस कॉम्प्लेक्स के केंद्र में विधायिका और इसके दाई ओर कार्यपालिका तथा बाई ओर न्यायपालिका स्थापित है। सदन संदेश पत्रिका में सत्र समीक्षा के साथ सूचनात्मक, रोचक तथ्यों की प्रस्तुति की गई है। यह सब जागरूकता के नाते से महत्वपूर्ण है। कौन विधायक कितनी बार चुना गया, हमारे युवा और महिला विधायकों का विवरण भी दिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने ब्रह्मसरोवर पर स्थापित मीडिया चौपाल को सराहा



*कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर हरियाणा पैवेलियन में स्थापित मीडिया चौपाल की हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जमकर सराहना की। मंगलवार को ब्रह्म सरोवर पर पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मीडिया चौपाल स्थापित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल ने हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।*

### गैंगस्टरों की धमकी का हवाला देकर अभय चौटाला ने मांगी जेड प्लस सुरक्षा

**इनेलो नेता की याचिका पर केंद्र व हरियाणा को नोटिस**

चंडीगढ़। इनेलो के वरिष्ठ नेता और विधायक रह चुके अभय सिंह चौटाला की एक याचिका पर सुनवाई करते हु पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने केंद्र व हरियाणा सरकार को 16 दिसम्बर के लिए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। चौटाला ने अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टरों से मिली जान से मारने की धमकियों का हवाला देते हुए याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने केंद्रीय एजेंसी जैसे कि सीआरपीएफ से जेड प्लस अथवा जेड श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। याचिका में कहना है कि आईएनएलडी प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या के बाद उनके खिलाफ खतरे का स्तर और बढ़ गया है। याचिका में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय गैंगस्टरों द्वारा दी जा रही लगातार, वास्तविक और गंभीर धमकियों के बारे में राज्य सरकार को कई बार सूचित किया गया, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने किसी भी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की। चौटाला का आरोप है कि न तो सुरक्षा मूल्यांकन समिति बनाई गई, न कोई सुरक्षा आकलन किया गया और न ही किसी तरह की तात्कालिक सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई, जबकि खतरा तत्काल, गंभीर और बढ़ता हुआ है।

**कुरुक्षेत्र में बलराम दंगल का आयोजन**

### महिला वर्ग में काजल व नेहा और पुरुषों में प्रत्यक्ष व चंद्रमोहन जीते



कुरुक्षेत्र। प्रदेश खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बलराम कुश्ती दंगल के रुप में एक नया प्लेटफार्म दिया है। यहां से निकलने वाले खिलाड़ी एशियन, ओलम्पिक व अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन करेंगे। प्रदेश के खिलाड़ियों की बदौलत हरियाणा का नाम विश्व के खेल मानचित्र पर चमक रहा है। गीता महोत्सव के अवसर पर आयोजित बलराम कुश्ती दंगल में सभी पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बलराम कुश्ती दंगल के महिला व पुरुष वर्ग की विभिन्न वर्गों के विजेता पहलवानों को मुख्यातिथि ने 17 लाख रुपए की नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। बलराम कुमार पुरुष वर्ग में चंद्रमोहन ने प्रथम, परविंद्र ने द्वितीय, साहिल व नवीन तृतीय स्थान हासिल किया। बलराम केसरी के पुरुष वर्ग में प्रत्यक्ष प्रथम, दीपक द्वितीय, प्रवीण ने सचिन ने तृतीय स्थान, बलराम कुमारी महिला वर्ग में नेहा ने प्रथम, नीतू ने द्वितीय, नेहा शर्मा व पुष्पा ने तृतीय स्थान, बलराम केसरी महिला वर्ग में काजल प्रथम, मानसी लाठर द्वितीय, नविता व चंचल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### वालीबॉल खिलाड़ियों की मौत मामले की जांच जारी

चंडीगढ़। खेल मंत्री गौरव गौतम का कहना है कि दो वालीबॉल खिलाड़ियों की मौत के मामले में खेल विभाग की तरफ से दी गई क्लीन चिट पर कहा कि हमने उस खेल के मैदान को लेकर जानकारी दी है कि जो हादसा उस खेल मैदान में हुआ है वह पंचायत विभाग का था और दूसरा मैदान शिक्षा विभाग का था। इसको लेकर केवल जानकारी दी गई है कि खेल विभाग का यह ग्राउंड नहीं था। किसी को भी क्लीन चिट नहीं मिली है जिम्मेदारी इसमें तय की जाएगी जांच जारी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री से हुई कैबिनेट की अनोपचारिक बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि बैठक में विकास कार्य को लेकर चर्चा की गई है। ने कहा कि हरियाणा सरकार खेल और खिलाड़ियों को लेकर पूरी तरह से गभीर है और आने वाले समय में इस तरह की कोई घटना ना हो खिलाड़ी सुरक्षित रहें इसके लिए ठोस कदम उठा रहे है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धर्मवीर, पुत्रः** श्री दयानंद, **पताः** ए–5ए/53, जनता फ्लैट्स, पोस्संगीपुर; दूसरा पताः गाँव – खतौली खुर्द, नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) ने मुकदमा **FIR No. 77/2024 U/s 323/341/506 IPC & 23/75 JJ Act, थानाः जनकपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धर्मवीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धर्मवीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 77/2024 U/s 323/341/506 IPC & 23/75 JJ Act, थानाः जनकपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **धर्मवीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरजोत सिंह ओजला
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–11
कमरा नं. 05, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16063/WD/2025
(Court Matter)

### बागवानी विभाग के तीन अधिकारी पदोन्नत

चंडीगढ़। सरकार ने बागवानी विभाग के तीन अधिकारियों को पदोन्नत किया है। इनमें बागवानी विभाग के अतिरिक्त निदेशक जोगिंद्र सिंह घणघस को हरियाणा स्टेट हॉर्टिकल्चर डेवलपमेंट एजेंसी के मिशन डायरेक्टर के पद पर पदोन्नत किया है। विभाग के सयुंक्त निदेशक मनोज कुमार को अतिरिक्त निदेशक तथा उपनिदेशक सत्येंद्र यादव को सयुंक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया है।

### डॉ. प्रसाद की जयंती पर कार्यक्रम आज

चंडीगढ़। भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं फरीदाबाद विकास बोर्ड के पहले अध्यक्ष भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती अवसर पर आज को अरावली गोल्फ क्लब में शाम तीन बजे से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथि भी हिस्सा लेंगे।

# विधानसभा सचिवालय सेवा नियम 1981 में संशोधन की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा की नियुक्तियों और पदोन्नति में अब पादर्शिता आएगी। हरियाणा विधानसभा के सचिवालय सेवा नियम 1981 में बड़े स्तर पर संशोधन हो रहा है। इसके लिए विधानसभा ने भारत सरकार के विधि व न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) के पूर्व सचिव डॉ. कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी को जिम्मेदारी दी है। वे अपनी टीम के साथ विधानसभा के सेवा नियमों की समीक्षा और उसमें क्या बदलाव हो सकते हैं, इस पर काम कर रहे हैं। यह पहल विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने की है। उनके निर्देश पर सेवा नियमों को संशोधित किया जा रहा है। हरियाणा विधानसभा के सेवा नियम 1981 के बाद से बदले नहीं गए हैं। नए पद भी स्वीकृत पुराने नियमों के आधार हो रहे थे। कुछ सालों में ऐसी पदोन्नति की गई जिसकी वजह से संस्थान को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा।

### अंबाला सांसद ने भी उठाए थे सवाल

नियुक्तियों को लेकर अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी भी सवाल खड़े कर चुके हैं। इसी साल उन्होंने 2016 बैच के हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) अधिकारी की विधानसभा में सचिव पद पर नियुक्ति पर आपत्ति जताई। राज्यपाल असीम कुमार घोष को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था कि हरियाणा विधानसभा के सचिव पद पर एचसीएस अधिकारी की नियुक्ति हरियाणा विधानसभा सचिवालय सेवा नियम, 1981 (आज तक संशोधित) का उल्लंघन है। उन्होंने दलील देते हुए कहा था कि विधानसभा सचिवालय सेवा नियम, 1981 के नियमों के अनुसार राज्य में स्थायी रूप से कार्यरत कोई आईएएस अधिकारी या कोई विधि अधिकारी जो लोक अभियोजक के रूप में नियुक्ति के योग्य हो या स्थानांतरण के माध्यम से हरियाणा विधानसभा का सचिव नियुक्त किया जा सकता है।

**OFFICE OF PRINCIPAL CENTRE OF COOPERATIVE MANAGEMENT**
OLD CHARA MANDI, KACHCHA BERI ROAD, ROHTAK.
Phone No. 01262-236275,E-mail pecmrtk@yahoo.com

**प्रवेश सूचना (संशोधित)**

सहकारी प्रबंध केन्द्र रोहतक की पूर्व मे प्रकाशित प्रवेश सूचना के अंतर्गत 58वें सत्र के लिए (Diploma in Cooperative management) की अवधि 28.11.2025 से 16.04.2026 निर्धारित थी। अब इस अवधि मे संशोधन किया गया है और यह दिनांक 12.12.2025 से 30.04.2026 निर्धारित की गई है। निजी छात्रों के लिये आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 11.12.2025 है तथा नियम व शर्तें पूर्व की भांति रहेंगी। अन्य जानकारी के लिये दूरभाष नं० 01262-236275, मो० 9034701252 पर सम्पर्क कर सकते है।

हस्ता/- (सतीश रोहिल्ला) प्रधानाचार्य
सहकारी प्रबन्ध केन्द्र रोहतक

पीआरडीएच-1299/11/39/2026/40803/88/6 दि. 02.12.2025

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**
(An Autonomous Organization under the Ministry of Education, Govt. of India)

सं. : सीबीएसई/रेक्ट.सैल/14( 88 )/2025 — दिनांक 02.12.2025

**रिक्ति अधिसूचना**

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक प्रमुख राष्ट्रीय जन परीक्षा बोर्ड केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) है। इसे माध्यमिक और उच्चतर स्तर की परीक्षा और इससे सम्बन्धित विद्यालयों में और नियंत्रक प्राधिकरण द्वारा आवंटित अन्य गतिविधियों को आयोजित करने का अधिकार प्राप्त है।

यह बोर्ड इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से जिला भर्ती कोटा परीक्षा 2026 (डीआरक्यू 2026) में अखिल भारतीय स्तर पर निम्नलिखित पदों को भरने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की इच्छा रखता है। इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की वेबसाइट www.cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी भी साधन और प्रस्तुति के मोड के माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार किसी भी सीबीएसई कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता है। विज्ञापित रिक्तियों की संख्या संभावित है और इन्हें घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

| पोस्ट कोड | समूह | पदों का विवरण | अधिकतम आयु | एससी | एसटी | ओबीसी एनसीएल | ईडब्ल्यूएस | यूआर | कुल | पीडब्ल्यूबीडी | ईएसएम | तैनाती का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्टिकल आरक्षण | | | | | | हॉरिजेंटल आरक्षण | | |
| 01/25 | ए | सहायक सचिव पे लेबल-10 | 35 | 01 | – | 03 | 01 | 03 | 08 | 01 | | बोर्ड के किसी भी कार्यालय में। |
| 02/25 | | सहायक प्रोफेसर एवं सहायक निदेशक (शैक्षणिक) पे लेवल-10 | 30 | 02 | 01 | 02 | 01 | 06 | 12 | – | | |
| 03/25 | | सहायक प्रोफेसर एवं सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) पे लेवल-10 | 30 | 01 | – | 02 | – | 05 | 08 | – | – | |
| 04/25 | | सहायक प्रोफेसर एवं सहायक निदेशक (कौशल शिक्षा) पे लेवल-10 | 30 | 01 | – | 01 | – | 05 | 07 | 01 | | |
| 05/25 | | लेखा अधिकारी पे लेवल-10 | 35 | – | – | – | – | 02 | 02 | – | | |
| 06/25 | बी | अधीक्षक पे लेवल-6 | 30 | 04 | 02 | 07 | 02 | 12 | 27 | 01 | | |
| 07/25 | | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी पे लेवल-6 | 30 | 01 | 01 | 02 | – | 05 | 09 | 01 | – | |
| 08/25 | सी | कनिष्ठ लेखाकार पे लेवल-2 | 27 | 03 | 01 | 04 | 01 | 07 | 16 | 01 | 05 | |
| 09/25 | | कनिष्ठ सहायक पे लेवल-2 | 27 | 05 | 03 | 10 | 03 | 14 | 35 | 01 | | |

| आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि | ऑनलाइन आवेदन की अवधि 02.12.2025 से 22.12.2025 ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि (22.12.2025 को अप. 11.59 बजे तक या उससे पहले) शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि - 22.12.2025 (अप. 11.59 को या उससे पहले) |
|---|---|

पात्रता मानदंड, आयु, छूट, परीक्षा शुल्क, पे-स्केल, परीक्षा शहर, महत्वपूर्ण निर्देश, योजना और परीक्षा का पाठ्यक्रम, चयन प्रक्रिया के मोड इत्यादि के सम्बन्ध में अधिक विवरण हेतु उम्मीदवार बोर्ड की वेबसाइट https://www.cbse.gov.in पर पधार सकते हैं।

सीबीसी-21107/12/0008/2526 — सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in, के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-EFF-110173-7-25-1 | ट्रेन संख्या 22451/22452 (सीडीजी–बीडीटीएस एक्सप्रेस) के पूरे बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 12.12.2025 12.00.00 |
| 2 | ADVT-EFF-141603-6-25-1 | ट्रेन संख्या 14521/14522 (डीएलआई–यूएमबी एक्सप्रेस) और 14507/14508 (डीएलआई–एफकेए एक्सप्रेस) के पूरे बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 12.12.2025 12.00.00 |
| 3 | ADVT-UMB-RPJ-OSD-337-25-1 | राजपुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 20 फुट x 3.5 फुट क्षेत्र के वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 12.12.2025 12.00.00 |
| 4 | ADVT-UMB-BTI-OSD-338-25-1 | बठिंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 10 फुट x 8 फुट क्षेत्र के वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 12.12.2025 12.00.00 |
| 5 | ADVT-UMB-BNN-OSN-148-22-2 | बरनाला रेलवे स्टेशन पर 105 वर्ग फुट क्षेत्र में वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) | 12.12.2025 12.00.00 |
| 6 | PnU-UMB-KLK-Toi-11-22-3 | कालका रेलवे स्टेशन (पॉवर केबिन भवन के पीछे) पर सामान्य भुगतान और उपयोग शौचालय के लिए संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) अनुबंध तीन वर्षो की अवधि के लिए। | 12.12.2025 12.00.00 |
| 7 | PnU-UMB-PTA-WRL-64-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित कुल क्षेत्रफल 9.99 x 6.23 वर्ग मीटर के प्रीमियम एसी वेटिंग रूम (एक्जीक्यूटिव लाउंज) का संचालन और रखरखाव, जिसमें आधुनिक सुविधाएं, पेय पदार्थ/हल्के नाश्ते परोसने की इकाई शामिल है (साइट–प्लान में उल्लिखित)। | 12.12.2025 12.00.00 |
| 8 | PnU-UMB-ABS-WRL-63-25-1 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर स्थित कुल क्षेत्रफल 6.5 x 4 वर्ग मीटर के प्रीमियम एसी वेटिंग रूम (एक्जीक्यूटिव लाउंज) का संचालन और रखरखाव, जिसमें आधुनिक सुविधाएं, पेय पदार्थ/हल्के नाश्ते परोसने की इकाई शामिल है (कॉन्कोर्स क्षेत्र में) (साइट प्लान में उल्लिखित)। | 12.12.2025 12.00.00 |
| 9 | ATM-UMB-SIR-Gen-19-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 12.12.2025 12.00.00 |
| 10 | ATM-UMB-UBC-Gen-35-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 12.12.2025 12.00.00 |
| 11 | ATM-UMB-SAG-Gen-26-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 12.12.2025 12.00.00 |
| 12 | ATM-UMB-YJUD-Gen-38-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु इंक्वायरी के नजदीक 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 12.12.2025 12.00.00 |
| 13 | ATM-UMB-RPJ-Gen-40-25-1 | स्थान–ए (साइट–1) पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर यूटीएस/पीआरएस हॉल के बाहर एटीएम की सुविधा के लिए स्थान का आवंटन (संरचना के बिना) (साइट प्लान के अनुसार)। | 12.12.2025 12.00.00 |
| 14 | MSS-UMB-UMB-MCK-65-25-2 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 90 वर्ग फीट के साथ नौ (09) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 15 | MSS-UMB-BTI-MCK-58-25-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 70 वर्ग फीट के साथ सात (07) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 16 | MSS-UMB-UBC-MCK-57-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फीट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 17 | MSS-UMB-YJUD-MCK-64-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फीट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 18 | MSS-UMB-RPJ-MCK-60-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फीट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 19 | MSS-UMB-PTA-MCK-59-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फीट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 20 | MSS-UMB-ABS-MCK-56-25-1 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 30 वर्ग फीट के साथ तीन (03) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 21 | MSS-UMB-SIR-MCK-63-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फीट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 22 | MSS-UMB-SML-MCK-62-25-1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फीट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 23 | MSS-UMB-SRE-MCK-61-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 60 वर्ग फीट के साथ छह (06) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन | 12.12.2025 12.00.00 |
| 24 | MSS-UMB-PTA-THDPK-41-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 8'x8 का ट्रेवल हेल्प डेस्क स्थापित करना। (साइट–योजना के अनुसार) | 12.12.2025 12.00.00 |
| 25 | MSS-UMB-PTA-Mob Store-37-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 6'x6' के कुल क्षेत्रफल का मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क स्थापित करना। | 12.12.2025 12.00.00 |
| 26 | HyB-OnB-110713-25-1 (Hybrid NFR- On Board Hybrid | अंबाला मंडल पर 11 (ग्यारह) मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षित डिब्बों में लिनन कवर की खरीद और आपूर्ति के लिए विज्ञापन के साथ अनुबंध। | 12.12.2025 12.00.00 |

–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये 3729/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप



### 62 लाख रुपये की हेरोइन सहित नशा तस्कर काबू

**डबवाली।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के शुरुआती चरण में ही नशा तस्करों पर शिकंजा करते हुए सिरसा जिले के डबवाली क्षेत्र से एक अंतराज्यीय नशा तस्कर को करीब 62 लाख रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। डबवाली के उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कपिल अहलावत ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान इसका खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी अजय कुमार पंजाब का रहने वाला है और उसके खिलाफ लुधियाना में लड़ाई-झगड़े व जान से मारने की धमकी देने के अभियोग दर्ज हैं।

तलाशी ली तो उसके कब्जे सें 311.48 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 62 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ सदर थाना डबवाली में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थ बेचने पर 2.91 लाख का जुर्माना

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने आमजन से आह्वान किया है कि यदि कोई खाद्य पदार्थ बनाने, बेचने, मैन्युफैक्चरिंग, स्टोर करने, पैकिंग करने व आयात-निर्यात, समान अवमानक और समान पर मानक अंकित नहीं पाया जाता है, तो इसकी सूचना जिला खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग को दें। एडीसी करवा मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में खाद्य पदार्थों से संबंधित केसों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न केसों में सुनवाई करके मिसब्रांडेड, सब्सटेंडर्ड, बिना लाइसेंस व बिना पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर लगभग दो लाख 91 हजार का जुर्माना लगाया। एडीसी ने संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस समय अनुसार नवीनीकरण करवाने की चेतावनी दी।

### एटीएम तोड़ने की कोशिश पुलिस जांच में जुटी

**उकलाना।** बस स्टैंड रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को रात्रि में अज्ञात चोरों ने तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे नकदी तक पहुंचने में असफल रहे। ऐसे में चोर मशीन को क्षतिग्रस्त कर मौके से फरार हो गए। एक्सिस बैंक का यह एटीएम 24 घंटे खुला रहता है, जिसे चोरों ने देर रात अपना निशाना बनाया। मशीन के बाहरी हिस्से को तोड़ने के बावजूद चोर कैश चैम्बर तक नहीं पहुंच पाए। सुबह घटना का पता लगने पर बैंक प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी।

### नील गाय से टकराने पर बाइक सवार की मौत

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना एरिया में सोमवार की देर शाम रोड पर अचानक आई नील गाय से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया और मामले की छानबीन शुरू की। फर्रुखनगर के खेड़ा झांझरोला गांव निवासी अमित वेयरहाउस में नौकरी करता था। सोमवार की शाम को वह ड्यूटी खत्म होने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। खेड़ा झांझरोला वाली सड़क पर पहुंचा तो बाइक के सामने एक नील गाय आ गई।

---

फतेहाबाद के ढाणी भोजराज के नवज्योति हाई स्कूल में सनसनीखेज मामला सामने आया

# मोबाइल मिलने पर दो छात्राओं की बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल

*स्कूल का दावा है कि लड़कियों के पास से मोबाइल फोन मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। इधर, मामले की जानकारी लेने के लिए भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई प्राइवेट स्कूल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।*

**पुलिस और शिक्षा विभाग हरकत में आया, जांच कमेटी गठित**



***शिक्षा विभाग बोला- परिवार शिकायत देगा तो कार्रवाई होगी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना/ फतेहाबाद

फतेहाबाद के ढाणी भोजराज गांव के नवज्योति हाई स्कूल में 11वीं-12वीं की दो छात्राओं के साथ हुई मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह घटना 24 नवंबर की बताई जा रही है, लेकिन इसका 53 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला उजागर हुआ। वीडियो सामने आते ही गांव सहित पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोग स्कूल संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर स्कूल संचालक व छात्राओं तथा उनके अभिभावकों के बयान दर्ज किए हैं, मगर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि 9 छात्राएं लाइन में खड़ी हैं। इसी दौरान स्कूल संचालक सुभाष चंद्र गुस्से में छात्राओं पर जोर-जोर से चिल्लाते और धमकाते दिखाई देता है।





**फतेहाबाद।** भूना ब्लॉक के प्राइवेट स्कूल में छात्रा की पिटाई करता स्कूल संचालक। फोटो : हरिभूमि

#### वीडियो दर्दनाक और अमानवीय

कुछ पल बाद वह आगे खड़ी छात्रा को पूरे जोर से थप्पड़ मारता है और बाल पकडक़र जमीन पर पटक देता है। छात्रा जैसे ही उठने का प्रयास करती है, वह पीछे से बाल पकडक़र घुटनों से हमला करता है। इसके बाद लाइन में सबसे पीछे खड़ी दूसरी छात्रा को गले से पकडक़र आगे खींचता है और उसे भी झकझोरता है। इस दौरान बाकी छात्राएं सहमी हुई खामोश खड़ी नजर आती हैं। वीडियो देखने वालों का कहना है कि दृश्य अत्यंत दर्दनाक और अमानवीय है। इस समय में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कहा कि स्कूल की मान्यता की जांच होगी और छात्राओं के साथ मारपीट मामले को लेकर सख्त कदम उठाया जाएगा।

#### मामला पंचायत में निपट गया: सरपंच प्रतिनिधि

सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार ने बताया कि घटना के बाद अभिभावक स्कूल पहुंचे थे और पंचायत स्तर पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। किसी ने पुलिस में शिकायत नहीं की थी, लेकिन अब वीडियो वायरल होने से मामला फिर तूल पकड़ गया है। पहले टीचर उन्हें धमकाता है, फिर लाइन में सबसे पहले खड़ी छात्रा को जोरदार थप्पड़ मारता, बाल पकड़कर गिराता और घुटने से मारता है। दूसरी छात्रा का गला पकड़ कर आगे लाकर धमकाया जाता है। वीडियो 53 सेकेंड का है और सुबह 10:18 मिनट का फुटेज है।

#### छात्रा ने उसकी बेटी के बारे में टिप्पणी की: संचालक

संचालक सुभाष चंद्र का कहना है कि उपरोक्त छात्रा ने उसकी बेटी के बारे में टिप्पणी की थी कि वह कॉलेज में दो सप्ताह में 2 दिन जाती है। 11वीं व 12वीं की लड़कियों को समझने के लिए 24 नवंबर को ऑफिस में बुलाया था। मैंने उन्हें बहुत धमकाया और छात्रा को दो थप्पड़ लगाएं, लेकिन मेरी किसी व्यक्तिगत तौर पर बच्चों से कोई रंजिश नहीं है। किसी भी स्कूल के बच्चे व उसके माता-पिता की तरफ से हमारे प्रति किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है।

---

» 1.17 करोड़ की रकम बोलीदाता नहीं चुका पाए

## गाड़ी नंबर HR88B8888 की दोबारा होगी नीलामी

**सोनीपत।** सोनीपत का चर्चित वीआईपी नंबर HR88B8888, जिसकी बोली 1.17 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी, अब दोबारा नीलाम किया जाएगा। इसकी वजह है कि नीलामी जीतने वाले बोलीदाता ने तय समय सीमा में रकम जमा नहीं कराई। उनका कहना है कि उन्होंने रकम जमा करने की 2 बार कोशिश की, लेकिन पोर्टल पर पेमेंट सक्सेसफुल नहीं हुआ। साथ ही उनका यह भी कहना है कि उनका परिवार एक नंबर के लिए इतनी बड़ी रकम खर्चने के खिलाफ था।

#### 1.17 करोड़ की बोली लगाई थी

पिछले सप्ताह रोमुलस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के ट्रांसपोर्ट सर्विस डायरेक्टर सुधीर कुमार ने इस वीआईपी नंबर के लिए सबसे ज्यादा बोली 1.17 करोड़ की बोली लगाई थी। दो दिनों की नीलामी के बाद वह नंबर प्लेट के अंतिम विजेता बने, लेकिन 1 दिसंबर दोपहर 12 बजे तक पूरी राशि जमा नहीं कर पाए। शनिवार रात उन्होंने दो बार भुगतान करने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। साथ ही परिवार भी इतनी बड़ी राशि खर्च करने के खिलाफ था।

---

» रेवाड़ी में जैसलमेर नेशनल हाईवे पर हादसा

## डंपर पलटते ही लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार की रात जैसलमेर नेशनल हाइवे पर डस्ट से भरा डंपर पलट गया, जिससे उसमें आग लग गई। चालक ने डंपर से कूदकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। रात को करीब 1 बजे डस्ट से भरा डंपर नारनौल से रेवाड़ी की ओर आ रहा था। जब डंपर हरिनगर के पास पहुंचा तो फ्लाईओवर पर चढ़ते समय संतुलन बिगड़कर सर्विस रोड पर पलट गया। चालक तुरंत डंपर से कूद गया। पलटने के बाद डंपर में आग लग गई। आसपास कोई दूसरा



**रेवाड़ी।** आग लगने के बाद जला हुआ डंपर।

वाहन नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। चालक धर्मबीर की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। तब तक डंपर का काफी हिस्सा जलकर राख हो चुका था। बाद में रामपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

---

» खेलते समय हादसा, शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा

## जींद: लेयर फार्म के पानी टैंक में डूबने से दो भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव खटकड़ लेयर फार्म के बने पानी के टैंक में दो सगे मासूम भाइयों के डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने दोनों मृतक मृतक भाइयों के शवो का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव छपरा मेघ जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी संत कुमार गांव खटकड़ खेतों में बने लेयर फार्म में परिवार समेत रह रहा है। बीती देर शाम को सतं कुमार लेयर फार्म मे काम कर



**जींद।** मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटो : हरिभूमि

रहा था। उसके छोटा बेटा रितिक (6) तथा सत्यम (9) लेयर फार्म मे बने पानी के टैंक के पास खेल रहे थे। उसी दौरान दोनों बच्चे पानी के टैंक में डूब गए। दोनों बच्चों के अचानक गायब होने पर उन्हें तलाशा गया तो दोनों पानी के टैंक में डूबे मिले। दोनों बच्चो को बाहर निकाल कर नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पिता संत कुमार ने बताया कि पिछले पांच वर्ष से परिवार समेत लेयर फार्म में रह रहा है।

### कैंटर ने ट्रक को मारी टक्कर, युवक का हाथ कटकर हुआ अलग

**यमुनानगर।** गांव कैल के पास रफ्तार कैंटर ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कैंटर पर सवार युवक का हाथ कटकर पूरी तरह से अलग हो गया। हादसे में युवक के शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आई। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी अनिकेत चौहान ने बताया कि अपने साथी सुमित सिंह के साथ कैंटर में कैटरिंग का सामान लोड करके अंबाला से सहारनपुर जा रहा थे। कैंटर को अंबाला कैंट रगिया मंडी निवासी ड्राइवर सूरज चला रहा था। उन्होंने सूरज को कई बार गाड़ी धीरे चलाने को कहा लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया।

---

» फर्जी आईडी से किडनैप-ठगी का मामला

## सिरसा में 4 महिलाओं और 8 युवकों ने बनाया हनीट्रैप गिरोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा जिले में फेसबुक पर लड़की के नाम से फर्जी आईडी बनाकर किडनैप करने और ठगी करने का मामला में खुलासा हुआ है कि पकड़ी गई आरोपी महिला की भूमिका अहम थी। उसने अपनी ननद से ये सब सीखा है। उसकी ननद भी इस तरह के गिरोह में काम कर चुकी है और वह सिरसा की लोकल कॉलोनी की रहने वाली है। उसको देखकर इसने भी ऐसा ही



प्लान बनाया। जानकार के साथ मिलकर अन्य महिला व युवक को मिलाकर 12 लोगों का हनीट्रैप का गिरोह बनाया। दरअसल, आरोपी महिला शादीशुदा है और पति मजदूरी करता है। उसको भी ये पता नहीं था। जब पुलिस ने उसे कॉल की तो हकीकत सामने आई। अभी दो महिला व दो पुरुष और संलिप्त है, जिनकी भूमिका संदिग्ध है। उनकी भी पुलिस तलाश में जुटी है और उनको गिरफ्तार किया जाएगा। ये दोनों महिलाएं फतेहाबाद में शुरुआत मुलाकात में शिकायतकर्ता से मिली थी। यहां सिरसा आने पर दीपक शिकायतकर्ता से मिले 90 हजार कैश रुपए लेकर गया और सुनील के खाते में 50 हजार रकम डाल गई थी।

---

### टोहाना में विवाहिता ने लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मारकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** जिले के उपमंडल टोहाना के गांव खनोरी में 26 वर्षीय विवाहिता द्वारा सोमवार देर रात अपने पति की लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका



की पहचान हरदीप कौर पत्नी गुरप्यार सिंह के रूप में हुई है। आत्महत्या के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही टोहाना पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टोहाना के नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 10-11 बजे हरदीप कौर अपने कमरे में अकेली थी। देर रात अचानक कमरे से गोली चलने की तेज आवाज आई। इस पर परिजन दौडक़र कर जब कमरे में पहुंचो तो देखा कि हरदीप कौर खून से लथपथ हालत में पड़ी मिलीं। उसके सिर में गोली लगी हुई थी। परिजनों ने जब उसका संभाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। इस पर परिजनों ने तुरंत इस बारे थाना सदर टोहाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शादी राम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

---

» नक्शा और बदर बनवाने की एवज में मांगे रुपये

## 5000 रुपये की रिश्वत लेते पटवारी को रंगे हाथों दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

विजिलेंस विभाग ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई भाटला गांव के एक किसान की शिकायत पर की गई, जिसने नक्शा और बदर बनवाने के लिए पटवारी अजित से संपर्क किया तो उसने नक्शा व बदर बनाकर देने के नाम पर 9500 रुपये की मांग की थी। किसान ने बताया कि पटवारी ने नक्शा व बदर बनाकर देने की एवज



9,500 की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 4,500 रुपये वह पटवारी अजित को पहले दे चुका था। शेष 5,000 रुपये मंगलवार को देने की बात हुई थी लेकिन इस दौरान उसने पटवारी द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत विजिलेंस हिसार को दी थी।

### कार और ट्रैक्टर के बीच भिड़ंत, चालक की मौत

**खोरी।** भालखी माजरा के पास सोमवार की रात एक कार व ट्रैक्टर के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में कार चालक की मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। महेंद्रगढ़ के पृथ्वीपुरा निवासी 36 वर्षीय कार से रेवाड़ी की ओर जा रहा था। जब कार भालखी माजरा के निकट पहुंची तो सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर के टायर निकल गए। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल रमेश को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, रोहतक में उपचार के दौरान रमेश ने दम तोड़ दिया।

---

» आसानी से बच सकेगी पायलट की जान

## चंडीगढ़ में फाइटर जेट एस्केप सिस्टम की टेस्टिंग

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लड़ाकू विमानों से बाहर निकलने के लिए विकसित 'एस्केप सिस्टम' का नियंत्रित रफ्तार पर उच्च-गति रॉकेट-स्लेज परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस परीक्षण से भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास उन्नत इन-हाउस एस्केप सिस्टम के पूर्ण परीक्षण की क्षमता उपलब्ध है। रॉकेट-स्लेज परीक्षण में रॉकेट प्रणोदन तंत्र के साथ मिलकर प्रणाली को दो रेलों पर उच्च गति से चलाया जाता है ताकि हवा में गतिमान विमान का अनुकरण किया जा सके।

#### राजनाथ ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, वैमानिकी विकास एजेंसी और हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड (एचएएल) को बधाई दी।

---

**उपलब्धि** हरियाणा की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है हमारी बेटी

## नौगामा खाप की बेटी डॉ. संगीता ढुल बनीं पोलैंड में वैज्ञानिक, गांव से खाप तक में जश्न का माहौल

***साधारण किसान परिवार में पैदा हुई डा. संगीता ने रचा इतिहास***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नौगामा खाप के गांव पोंकरीखेड़ी के किसान रामराजी ढुल की बेटी डा. संगीता ढुल को पौलेंड में वैज्ञानिक का पद मिला है। रामराजी ढुल जिला बीकेयू के प्रवक्ता हैं। डा. संगीता ने अपनी उपलब्धि से गांव के साथ-साथ खाप और देश का नाम रोशन किया है। हाल ही में कुछ दिनों पहले ही संगीता ने दिल्ली विश्वविद्यालय से फिजिक्स में पीएचडी करके डाक्टरेट की उपाधि हासिल की थी। उन्होंने अपनी मेहनत से यह साबित करके दिखाया कि एक साधारण किसान की बेटी भी अपनी मेहनत और जज्बे के दम पर वो मुकाम हासिल कर सकती है। भले ही उन्होंने अपनी पढ़ाई की शुरुआत गांव के साधारण से स्कूल



**जींद।** पौलेंड के लिए रवाना होते हुए डा. संगीता ढुल। फोटो : हरिभूमि

से की हो। उस समय कोई सोच भी नही सकता था कि भविष्य में यही लड़की विदेशों तक में नाम रोशन करेगी। पिछले साल अप्रैल के महीने में पीएचडी के दौरान डा. संगीता ढुल इटली में आयोजित वर्ल्ड कान्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय ढुल खाप ने कैथल में आयोजित ढुल सम्मेलन में संगीता ढुल को शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को विशेषकर लड़कियों के आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने के लिए खाप रत्न से भी नवाजा गया था।

ढुल खाप प्रधान चौधरी हरपाल ढुल ने कहा कि अगर आपके हौंसलें बुलंद हों तो आप बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं और इस लड़की ने ये साबित करके दिखाया है। पूरे गांव में खुशी का माहौल है। गांव के सरपंच राजकुमार ढुल ने भी संगीता और उसके परिवार को बधाई दी है। नौगामा खाप प्रधान चौधरी सुरेश बहबलपुर तथा कंडेला खाप प्रधान चौधरी ओमप्रकाश ने खाप में लड़कियों की शिक्षा को बढावा देने के लिए डा. संगीता ढुल को आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने की बात कही और परिवार तथा गांव को बधाई दी।



# संचार साथी एप को लेकर विपक्ष के आरोपों को मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताया, यह एप वैकल्पिक, चाहें तो हटा सकते हैं

## संसद का शीतकालीन सत्र दूसरे दिन भी रहा बाधित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संचार साथी ऐप को लेकर विपक्ष के आरोपों को मनगढंत और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि यह ऐप वैकल्पिक और डिलीट योग्य है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यदि आप संचार साथी नहीं चाहते हैं, तो आप इसे हटा सकते हैं। यह वैकल्पिक है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस ऐप को सभी तक पहुंचाएं। इसे अपने डिवाइस में रखना या न रखना, उपयोगकर्ता पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, और वे कुछ खोजने की कोशिश कर रहे हैं, तो हम उनकी मदद नहीं कर सकते। हमारा कर्तव्य उपभोक्ताओं की मदद करना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संचार साथी ऐप हर उपभोक्ता को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है। सिधिंया ने विपक्ष के भ्रम फैलाने के आरोपों को खारिज किया और डेटा गोपनीयता की चिंताओं को दूर किया। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, सिंधिया ने ज़ोर देकर कहा कि ऐप को कभी भी हटाया जा सकता है और यह उपयोगकर्ता द्वारा सक्रिय किए जाने के बाद ही काम करता है। सिंधिया का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दूरसंचार विभाग ने निर्माताओं को दिए गए आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि ऐप की कार्यक्षमता को अक्षम या प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। सिंधिया ने स्पष्ट किया कि ऐप को सक्रिय करना वैकल्पिक है और केंद्र के निर्देश से गोपनीयता संबंधी चिंताएँ और राज्य की निगरानी की आशंकाएँ पैदा होने के बाद इसे कोई भी हटा सकता है।

### वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चर्चा

**हर उपभोक्ता को सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम ऐप**

**राजनीतिक विवाद और डेटा संग्रह पर बहस छिड़ गई**


केंद्रीय दूरसंचार मंत्री सिंधिया


संसदीय मंत्री किरेन रिरिजू

#### वंदे मातरम कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं: रिजिजू

किरेन रिजिजू ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि वंदे मातरम बहुत जरूरी है। हमारी आजादी की लड़ाई में हमने वंदे मातरम का नारा लगाकर अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। बंकिम चंद्र चटर्जी को वंदे मातरम लिखे 150 साल हो गए हैं। पूरा देश इस पर यकीन करता है। यह कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। 150 साल हुए हैं, अगर हमें इस पर बात करनी भी पड़ी, तो मैं इसे सभी पार्टियों के सामने रखूंगा। मैं इसे बीएसी में उठाऊंगा। मैं यहां एजेंडा घोषित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वंदे मातरम को सम्मान मिलता है और हम सभी पार्टियों के साथ मिलकर इस पर चर्चा चाहते हैं।

**वंदे मातरम पहली बार 7 नवंबर 1875 को बंगदर्शन में हुआ था प्रकाशित**

बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' पहली बार 7 नवंबर, 1875 को साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुआ था। चटर्जी ने इसेअमर उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया, जो 1882 में प्रकाशित हुआ। इसे रवींद्रनाथ टैगोर ने संगीतबद्ध किया था। यह राष्ट्र की सभ्यतागत, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग बन गया है। प्रधानमंत्री ने 7 नवंबर को 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 1 वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया था।

#### विपक्ष बेवजह मचा रहा हंगामा: रविशंकर

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि विपक्ष संचार साथी ऐप पर बेबुनियाद विवाद खड़ाकर रहा है। उन्होंने इस एप को सुरक्षा कवच बताते हुए विपक्ष से सवाल पूछा कि आपको परेशानी क्या है। प्रसाद ने विपक्ष की आलोचना की कि वे लाभकारी पहल को कमजोर कर रहे हैं, और इसे बिहार चुनाव में उनकी हार से जोड़ा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को दूरसंचार विभाग द्वारा मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी ऐप पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश का बचाव करते हुए इसे 'सुरक्षा कवच' बताया। उन्होंने निराधार विवाद पैदा करने के लिए विपक्ष की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे एक लाभकारी पहल को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

### संसद में नेताओं ने कहा

#### विपक्षी दलों की स्थिति बीमार की तरह हो गईः तिवारी



एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विरोध पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वे सदन नहीं चलने दे रहे हैं, हंगामा कर रहे हैं। उनका रवैया देश में ज़रा सा भी काम नहीं होने दे रहा है और जनता यह देख रही है। विपक्ष की स्थिति बीमार की तरह हो गई है।

#### कोई शिकायत नहीं कि वोट काटे गए सहरावत बोली



एसआईआर पर विपक्ष के हंगामे पर भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि पिछली बार भी उन्होंने सर के मुद्दे पर सदन नहीं चलने दिया था। हमने देखा कि किसी ने भी यह शिकायत नहीं की कि उनका वोट काटा गया, चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए और वोट भाजपा के पक्ष में आए। विपक्ष फिर से सर पर हंगामा कर रहा है।

#### एसआईआर के जरिए 'वोट चोरी' को अंजाम दे रही सरकार: प्रियंका



प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआई के जरिये 'वोट चोरी' को अंजाम दे रहे हैं। यह हमारे करोड़ों दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित भाई-बहनों से वोट का अधिकार छीनने का संगठित प्रयास है। चुनाव आयोग किसी सवाल का जवाब नहीं दे रहा है और सरकार खुलकर आयोग का बचाव कर रही है।

#### विपक्षी नेताओं को मुद्दे उठाने का समय : हरसिमरत



शिरोमणि अकाली दलकी सांसद हरसिमरत कौर बादल का कहना है कि पिछले 10 सालों में सदन का न चलना एक आम बात हो गई है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो सदन की बैठकों की संख्या कम हो गई है। हम जैसे लोग अपने निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर यहां आने का क्या मतलब समझते हैं। हम तभी आएंगे जब सदन चलेगा। विपक्षी नेताओं को अपने मुद्दे उठाने का समय दिया जाना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश › केरल एसआईआर की तारीख बढ़ाने पर चुनाव आयोग दो दिन में ले फैसला

केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के बीच सर के लिए गणना फॉर्म भरने की तारीख को एक सप्ताह और बढ़ाने की मांग का मामला मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग से इस मामले पर विचार करने को कहा है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि सर के कार्य में सरकारी मशीनरी को कोई समस्या नहीं है, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को समस्या आ रही है, क्योंकि वे स्थानीय चुनावों में व्यस्त हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा है कि क्या गणना फॉर्म भरने की तारीख को एक हफ्ते के लिए और बढ़ाया जा सकता है?

#### 25,000 स्टाफ केवल एसआईआर के लिए

चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि एसआईआर के लिए पूरी तरह अलग स्टाफ है और चुनाव के लिए स्टाफ अलग हैं। आयोग ने बताया कि 25000 स्टाफ केवल सर के लिए मिले हैं। आयोग ने कोर्ट को यह भी बताया कि गणना फॉर्म भरने की मूल अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी, जिसे पहले ही बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केरल की राजनीतिक पार्टियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी मांग से संबंधित आवेदन जल्द चुनाव आयोग को दें और चुनाव आयोग दो दिनों के भीतर इन मांगों पर फैसला ले।

### खबर संक्षेप

#### प्रेम कुमार बने बिहार विधानसभा अध्यक्ष

**पटना।** 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के



दिग्गज नेता प्रेम कुमार चुन लिए गए। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। वह नवीं बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। उन्होंने बताया था कि इस पद को लेकर जनता दल यूनाईटेड और भाजपाके अंदर कोई गतिरोध नहीं है। सोमवार को प्रोटेम स्पीकर के सामने शपथ ली थी।

#### बस में आग से 3 जिंदगियां हो गईं स्वाह

**बलरामपुर।** यूपी में बलरामपुर जिले की सुबह चीख-पुकार और एंबुलेस के सायरन की आवाज के बीच हुई। यहां एक निजी बस सोनौली से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। तड़के करीब 4 बजे कोई कुछ समझ पाता, गाड़ी ने आग पकड़ ली। यात्रियों को बाहर निकाला गया। 3लोगों की सांसें मौके पर ही थम गईं।

#### बीटेक छात्र ने 5वीं मंजिल से छलांग लगा दी जान

**सूरत।** देश के जाने-माने इंजीनियरिंग संस्थान सरदार वल्लभभाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी सूरत में 30 नवंबर की कंप्यूटर साइंस के थर्ड ईयर के छात्र अद्वैत नायर ने हॉस्टल से कूदकर जान दे दी। वह केरल का रहने वाला था। उसके माता-पिता ओमान में रहते हैं। वह भाभा भवन बॉयज हॉस्टल की एच नंबर बिल्डिंग में रहता था।

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुजरात के सडली में किया बड़ा दावा

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू, सरदार पटेल के प्रस्ताव ने उन्हें रोका

**पटेल ने तुष्टिकरण की राजनीति कभी नहीं की**


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे, लेकिन सरदार पटेल ने इसे रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार पटेल की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच को आगे बढ़ा रही है।

एजेंसी ▶▶ सडली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया। गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया।राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया।

उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

**गुजरात के सडली गांव में 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में पटेल की भूमिका को बताया**



#### कुछ राजनीतिक ताकतों ने पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की

रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर पटेल को वह सम्मान दिलाया जो उन्हें पहले मिलना चाहिए था। सिंह ने आरोप लगाया कि नेहरू ने खुद को भारत रत्न दिया, लेकिन पटेल को उस समय यह सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाता है कि उस समय उनकी विरासत को नजरअंदाज किया गया।

#### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया

कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने।

#### कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो ...

राजनाथ सिंह ने कहा कि कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो कश्मीर समस्या लंबे समय तक देश के लिए बोझ नहीं बनती। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पटेल ने कड़े कदम उठाए, जैसे हैदराबाद के विलय में किया गया सख्त निर्णय। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भी ऑपरेशन सिंदूर में इसी मजबूत रुख का इस्तेमाल किया।

#### एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश

सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाना आसान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह कदम उठाकर कश्मीर को सही मायनों में भारत से जोड़ा। भारत आज दुनिया में अपनी शर्तों पर बात कर रहा है और तेजी से आर्थिक व सामरिक शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि पटेल का सपना 'वन इंडिया, बेस्ट इंडिया' अब मजबूत रूप में साकार हो रहा है।

#### सवाल से ट्रेनी आईएएस हो गए हैरान

**देहरादून।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 600 से अधिक आईएएस तैयार हो रहे हैं। हाल ही में एलबीएसएनएए में 100वें फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह हुआ। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस दौरान ट्रेनी आइएएस को शुभकामनाएं दीं। सब सही चल रहा था, लेकिन प्रोग्राम के बीच गणित के एक सवाल कुछ देर के लिए सभी को हैरान कर दिया।रक्षा मंत्री ने मंच से कहा कि समाज के चैलेंज से निपटने में आपका बहुत बड़ा रोल है।

### चुनाव से पहले ममता का रिपोर्ट कार्ड

# 14 साल के हिसाब में खेला 2 करोड़ नौकरी वाला दांव

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी चुनावी मोड में आ चुकी हैं। ममता ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 14 साल के शासन के दौरान राज्य में दो करोड़ से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।



वर्ष 2011 से सत्ता में कायम अपनी सरकार के प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल केंद्र द्वारा धन रोके जाने से पहले मनरेगा, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़क निर्माण में लगातार चार बार देश में शीर्ष पर रहा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 10,000 रुपए बांटे, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद बुलडोज़र चला दिए।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न. 437 दिनांक 29.11.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - किरण।
पति का नाम - मंगल।
पता - वासी गाँव बड़ोता तहसील गोहाना सोनीपत।
उम्र - 28 वर्ष।
कद - 5 फुट।
**हुलियाः**- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर हैं।



**पहनावा** - जामनी रंग का सुट सलवार, लाल रंग की शोल व पैरो में चमकीली जुती पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनाकं 29.11.2025 को किरण पत्नी मंगल वासी गाँव बड़ोता तहसील गोहाना सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी हैं। अब तक वापिस नही आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सदर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरो पर सुचित करें।

**प्रबन्धक थाना सदर गोहाना मो0 न0-7419410545**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9467773641**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी, कृते पुलिस उपायुक्त। मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4171/2026/40807/88/6 दि. 02.12.2025

### नौसेनाप्रमुख त्रिपाठी बोले

# रूस की संसद ने दी भारत संग अहम सैन्य समझौते को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा को अब लगभग 24 घंटे का समय ही शेष बचा है। लेकिन उससे ठीक पहले मॉस्को की संसद के निचले सदन यानी स्टेट ड्यूमा ने मंगलवार को भारत के साथ किए गए लॉजिस्टिक सहयोग से संबंधित पारस्परिक आदान-प्रदान (आरईएलओएस) से जुड़े हुए एक महत्वपूर्ण समझौते को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके जरिए दोनों देशों की नौसेनाएं भविष्य में लॉजिस्टिक्स आदान-प्रदान से जुड़ी तमाम गतिविधियों का संचालन करेंगी। भारत ने वर्ष 2016 में लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (लेमोआ) नामक ऐसा ही एक समझौता अमेरिका के साथ भी किया था। जिसके जरिए भारत, अमेरिका की नौसेनाएं पारस्परिक रूप से लॉजिस्टिक्स का आदान-प्रदान करने, सप्लाई, जहाजों में ईंधन भरने व अन्य सेवाओं के लिए एक-दूसरे के नौसैन्य अड्डों का दौरा करती हैं।

मामला गंभीर है, इसलिए नौसेनादिवस के पूर्व में मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में नौसेनाप्रमुख से भी इसे लेकर एक सवाल भी पूछा गया। जिसके जवाब में एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि इस संबंध में अमेरिका के साथ हमारा कोई विवाद नहीं है।

#### नौसेना के जंगी बेड़े में जल्द शामिल होगी तीसरी परमाणु चालित पनडुब्बी 'अरिदमन'

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत की पूर्वी और पश्चिमी-सीमा पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सामरिक समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हुई एक बहुत बड़ी और अच्छी खबर सामने आ रही है। जिसके मुताबिक, अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में स्वदेश में निर्मित तीसरी परमाणु ऊर्जा चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी 'अरिदमन' शामिल होने वाली है। नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नौसेनादिवस (4 दिसंबर) के पूर्व में नई दिल्ली में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की है। जिसमें उन्होंने बताया कि अरिदमन जल्द ही नौसेना में कमीशन की जाएगी। अभी इससे संबंधित परीक्षण अंतिम चरण में चल रहे हैं। इसे पूर्व पनडुब्बी से उन्नत पनडुब्बी बताया और ये स्पष्ट किया कि जल्द इसे बल के जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | जिला यमुनानगर में खाननवाला से नगली रोड में सम्पर्क सड़क पर सोम नदी के 3.5 मी. प्रत्येक ओवरक्रीक 12 स्पैन मौजूदा एचएल ब्रिज हेतु सुरक्षा कार्य हेतु डीएनआईटी। | 29.11.2025 08.12.2025 | 127.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | डीएच सिरसा के परिसर और मेन भवन का सौन्दर्यीकरण (पीडीजी.ई.आई. आंतरिक केवल) + 1 कार्य। | 28.11.2025 08.12.2025 | 28.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सिविल हॉस्पीटल सिरसा के परिसर में 11 केवी हॉट लाइन फीडर का प्रावधान (पीडीजी.एल.टी. वितरण पैनल) + 1 कार्य। | 01.12.2025 08.12.2025 | 9.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज फतेहाबाद | भुथान खुर्द = गांव भुथान खुर्द खण्ड भुना में ओपन जिम की स्थापना, वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 01.12.2025 09.12.2025 | 14.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | रामपुरा खण्ड अटेली नांगल में ग्राम सचिवालय का निर्माण + 1 कार्य। | 28.11.2025 05.12.2025 | 107.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्षों की वारंटी सहित 90 वॉट स्ट्रीट लाइट्स। | 03.12.2025 17.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 2 वर्ष के दर अनुबंध पर प्रीकास्ट रिएनफोर्स्ड कंक्रीट पाइप (आरसीसी पाइप्स) आईएस : 1458-2003 की पुष्टि करते हुए, बेस प्लेट मोनोलिथिक, स्टील वैल्डेड विद दि रिइनफोर्समेंट (इनसाइन इनबिल्ट स्टील स्टेप्स)। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | फिल्टर मैटीरियल (80 मिमी) की खरीद हेतु 2 वर्ष की दर अनुबंध का प्रबंधन। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | नाइलॉन सोक्स (294 मिमी, 200 मिमी और 160 मिमी) की खरीद हेतु 2 वर्षों के दर अनुबंध का प्रबंधन। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | दो वर्षों की दर अनुबंध हेतु परफोरेटेड कारोगेटेड पीवीसी पाइप फिटिंग आईएस-9271 : 2004 जल इनलेट एरिया सहित 15-80 सीएम ट्/एम 80 मिमी ओडी 160 मिमी ओडी 200 मिमी ओडी 294 मि ओडी का साइज। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2025-26 से पूर्व आरडी 0 से 43050 तक टेल माइनर की आंतरिक सफाई + 6 कार्य। | 28.11.2025 05.12.2025 | 8.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/220/40812/I/88/6 दि. 02.12.25

## चिंतन

# अब सत्ता से सेवा की ओर सरकार

केंद्र सरकार ने पिछले एक दशक में कई बदलाव कर बड़े संदेश दिए हैं। इस बार राज्यों की राजधानियों में राज भवनों के नाम बदले जा रहे हैं। अब इन्हें राज भवन के स्थान पर 'लोक भवन' के नाम से जाना जाएगा। उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, केरल, तमिलनाडु समेत कई राज्यों ने यह बदलाव कर दिया है। कई राज्यपालों ने तो खुद ही सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। वहीं, केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' कर दिया है। इसके अलावा, केंद्रीय सचिवालय को 'कर्तव्य भवन' के नाम से जाना जाएगा। इन नाम बदलने के पीछे सरकार की एक बड़ी सोच छिपी है। ऐसे बदलाव साफ संदेश देते हैं कि सत्ता पद केवल लाभ उठाने के लिए नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। ये नाम बदलाव बस दिखावे के लिए नहीं, बल्कि संदेश देते हैं कि सरकार की सोच में बड़ा बदलाव आया है। यह दर्शाता है कि सरकार जनता की सेवा करने वाली है, न कि सिर्फ सत्ता चलाने वाली। अब यह बदलाव केवल पीएमओ, राज भवनों का नाम बदलने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रदर्शन पहले भी कई अवसरों पर दिखाई दे चुका है। इससे पहले राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' किया गया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी 'रेस कोर्स रोड' कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर 'लोक कल्याण मार्ग' किया गया था। अब पीएमओ के अफसरों ने कहा कि 'सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सरकार सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रही है। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक हैं।' बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में कहा था कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब 'लोक भवन' और 'लोक निवास' के नाम से जाना जाएगा। वहीं, अब पीएम नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) भी 78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से निकलकर 'सेवा तीर्थ' नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है। यह बदलाव सेंट्रल विस्टा री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का बड़ा हिस्सा है। अब पीएमओ सेवा तीर्थ-1 से काम करेगा, सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय होंगे, जबकि सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का दफ्तर होगा। इन बदलावों के पीछे पीएम मोदी की सोच है जो जन सेवा के लिए उनके दीर्घकालिक दृष्टिकोण को परिलक्षित करती है। पिछले एक दशक में कई मौकों पर इसका परिचय मिला है। शुरुआत खुद ही प्रधानमंत्री आवास के पते से हुई थी, जब दशकों से चले आ रहे पते को बदला गया था। पहले प्रधानमंत्री का सरकारी आवास सात रेसकोर्स रोड के नाम से जाना जाता था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2016 में इसका नाम बदल कर लोक कल्याण मार्ग किया गया। इसके पीछे जनता की सेवा और कल्याण का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकारी कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थलों के नामकरण से कर्तव्य और पारदर्शिता की भावना प्रकट होती है। इसके पीछे का संदेश यही है कि सरकार का काम है जनता की सेवा करना, न कि सिर्फ सत्ता का सुख भोगना।

# सुरक्षा कवच या निजता पर निगरानी



संचार साथी

दिनेश शर्मा 'दिनेश'


इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

देश की सबसे बड़ी पंचायत यानी संसद भवन के गलियारों में आज जो कोलाहल गूंज रहा है, उसका सरोकार किसी सरहद के तनाव या सियासी बिसात से नहीं, बल्कि उस धड़कन से है जो हमारी जेब में धड़कती है। इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। यह मुद्दा महज एक एप्लीकेशन को डाउनलोड करने का नहीं, बल्कि उस लक्ष्मण रेखा का है जो राज्य की शक्ति और नागरिक की निजता के बीच खिंची होनी चाहिए। इस डिजिटल युग में, जहां डेटा ही नया ईंधन है, हमारा स्मार्टफोन वह तिजोरी बन गया है जिसमें हम अपने जीवन के सबसे निजी पन्ने, अपनी आर्थिक कुंजी और अपनी पहचान सहेजकर रखते हैं।

विडंबना यह है कि आज यही तिजोरी सबसे अधिक असुरक्षित है। जामताड़ा के बीहड़ों से लेकर मेवात की गलियों तक, और अब देश के सुदूर कोनों से संचालित साइबर अपराधों ने आम आदमी के जीवन को एक अनजाने भय से भर दिया है। सुरक्षा एजेंसियां जब तक घटित हुए अपराध निदान निकालती हैं, तब तक अपराधी नए रास्ते खोज लेते हैं। इसी पृष्ठभूमि में सरकार 'संचार साथी' को एक 'केंद्रीयकृत डिजिटल प्रहरी' के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है। इसे एक ऐसी व्यवस्था माना जा रहा है जो अपराध के घटित होने की प्रतीक्षा नहीं करती, बल्कि उसे अंकुरित होने से पहले ही कुचल देने का दावा करती है। इस ऐप की कार्यप्रणाली को समझना किसी विज्ञान-गल्प कथा के सच होने जैसा है। सरकारी दावों के अनुसार, यह ऐप 'एस्त्र' नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली से संचालित होगा। यह तकनीक किसी जादुई आईने की तरह काम करेगी, जो सेकंडों में पहचान लेगी कि कहीं किसी अपराधी ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सिम तो नहीं लिया है। यदि कोई व्यक्ति चेहरे बदलकर या नाम बदलकर ठगी का जाल बुनता है, तो 'एस्त्र' उसके चेहरे का मिलान डेटाबेस से करते ही उन सभी नंबरों को तत्काल ब्लॉक कर देगा। यह प्रक्रिया इतनी त्वरित होगी कि अपराधी को संभलने का अवसर ही नहीं मिलेगा। मोबाइल चोरी, जो एक आम समस्या बन चुकी है, उसके लिए प्रस्तावित 'किल स्विच' भी एक क्रांतिकारी कदम बताया जा रहा है।

अब तक अपराधी आईएमईआई नंबर बदलकर फोन बेच देते थे, लेकिन इस नई व्यवस्था में फोन के हार्डवेयर हस्ताक्षर को सीधे नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। छेड़छाड़ का तनिक भी संकेत मिलते ही फोन हार्डवेयर स्तर पर लॉक हो जाएगा और वह महंगा उपकरण महज कांच और प्लास्टिक के एक बेजान टुकड़े में बदल जाएगा। सरकार का मानना है कि जब चोरी किए गए फोन का कोई मूल्य ही नहीं बचेगा, तो चोरी की घटनाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

कल्पना कीजिए एक ऐसे अभेद्य सुरक्षा चक्र की, जहां हर कॉल सत्यापित हो, जहां 'घोस्ट सिम' का अस्तित्व न हो और जहां हम फर्जी संदेशों के जाल में फंसने से बचे रहें। निस्संदेह, एक सुरक्षित डिजिटल




भारत की यह तस्वीर अत्यंत मोहक है। किंतु, सुरक्षा के इस सुनहरे आवरण के पीछे निजता का एक घना और गहरा साया भी मंडरा रहा है और यही वह बिंदु है जिसने संसद से लेकर सड़क तक चिंता की लकीरें खींच दी हैं। एक अनिवार्य सरकारी ऐप, जो दिन-रात हमारे फोन में जागता रहे और हमारी गतिविधियों पर दृष्टि रखे, राज्य को एक असाधारण और असीमित शक्ति प्रदान करता है। कॉल लॉग्स, संदेश और लोकेशन- इन तक पहुंच की अनुमति भले ही सुरक्षा के नाम पर ली जाए, लेकिन इतिहास गवाह है कि निगरानी की शक्ति का दुरुपयोग अकसर राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और असहमत स्वरों को दबाने के लिए किया जाता रहा है।

क्या हम एक ऐसे निगरानी घर (पेनोप्टिकॉन) का निर्माण तो नहीं कर रहे, जहां नागरिक हर पल संदेह के घेरे में होगा? इसके साथ ही, डेटा सुरक्षा का प्रश्न मुंह बाए खड़ा है। यदि सौ करोड़ से अधिक भारतीयों का रियल-टाइम डेटा एक केंद्रीय सर्वर पर एकत्र होता है, तो वह दुनिया का सबसे विशाल और संवेदनशील डेटाबेस होगा जो हैकर्स के लिए किसी 'सोने की खान' से कम नहीं होगा। आधार लीक और सरकारी पोर्टलों पर हुए पिछले हमलों ने यह सिद्ध किया है कि सरकारी साइबर सुरक्षा अभेद्य नहीं है। ऐसे में एक भी सेंध का अर्थ होगा - समूचे राष्ट्र की निजता का पतन। यह तकनीकी भाषा में 'विफलता का एकल बिंदु' (सिंगल पॉइंट ऑफ फेलियर) है, जो अत्यंत जोखिम भरा है। व्यावहारिक धरातल पर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। भारत की एक बड़ी आबादी आज भी सीमित क्षमता वाले सस्ते स्मार्टफोन पर निर्भर है। क्या एक साधारण ग्रामीण का फोन इस 'हाई-टेक' पहरेदार का बोझ उठा पाएगा? परंतु, इन सबसे ऊपर एक दार्शनिक प्रश्न गूंज रहा है- लोकतंत्र 'विश्वास' के अनुबंध पर चलता है या 'संदेह' की बुनियाद पर? राज्य का दायित्व नागरिकों को सुरक्षा देना है, उनकी सांसों की गिनती रखना नहीं। सरकार का यह तर्क कि 'चूंकि आप अपनी सुरक्षा करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए हमें आपके घर (फोन) के भीतर आकर पहरा देना होगा,' आपातकाल में तो स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन सामान्य जनजीवन में यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मूल भावना पर प्रहार अनुभव हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने निजता को मौलिक अधिकार माना है, ऐसे में किसी एप को 'अनिवार्य' बनाना संवैधानिक कसौटी पर कितना खरा उतरेगा, यह देखना शेष है।

संचार साथी पर जारी इस मंथन ने हमें दोराहे पर खड़ा कर दिया है। एक रास्ता पूर्ण सुरक्षा का है, जहां अपराध के लिए कोई जगह नहीं होगी और दूसरा रास्ता निगरानी का है, जहां स्वतंत्रता के लिए कोई जगह नहीं। समाज किस दिशा में जाएगा, यह तकनीक नहीं, बल्कि उसकी नियत तय करेगी। यदि सरकार वास्तव में नागरिकों की हितैषी है, तो उसे पारदर्शिता का मार्ग चुनना होगा। एप को 'ओपन सोर्स' किया जाए ताकि विशेषज्ञ उसकी जांच कर सकें, डेटा सुरक्षा के कड़े कानून बनें, और सबसे महत्वपूर्ण- इसे बाध्यकारी बनाने के बजाय इसकी उपयोगिता सिद्ध करके नागरिकों को इसे स्वेच्छा से अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। सुरक्षा अनिवार्य है, किंतु स्वतंत्रता उसकी आहुति नहीं हो सकती। बेशक साइबर सुरक्षा को लेकर कोई विवाद अथवा समझौता नहीं होना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में साइबर सुरक्षा को लेकर कदम उठाना बहुत आवश्यक हो गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# दिव्यांगों के लिए लड़नी होगी सामूहिक रूप से लड़ाई

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, विश्व भर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने और उनके वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित माना जाता है। शुरुआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। आज 33वां संस्करण समूचे संसार में मनाया जा रहा है। हर साल 3 दिसंबर को विभिन्न वैश्विक और स्थानीय संगठन, समाज के हर स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर जुटते हैं। भारत सरकार द्वारा अक्षमों को दिव्यांग कहा जाता है। उनको स्वावलंबी बनाने के लिए तमाम तरह की कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। साथ ही प्रत्येक सरकारी विभाग में उनके लिए आरक्षित सीटों का प्रावधान भी केंद्र सरकार की ओर से सुनिश्चित किया हुआ है। वर्तमान में दिव्यांग दिवस का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह न केवल दिव्यांग व्यक्तियों के योगदान को मान्यता देने का अवसर है, बल्कि समाज और सरकार को उनकी समस्याओं, जरूरतों और अधिकारों के प्रति सजग करने का भी माध्यम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और दिव्यांग अधिकार अधिनियम जैसे कानून दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में बराबरी सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। इतिहास में, दिव्यांग व्यक्ति अक्सर शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में समान अवसरों से वंचित रहे हैं। इसके मद्देनजर, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का महत्व केवल जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नीतिगत बदलावों और कानूनों को लागू करने की दिशा में भी एक प्रेरक शक्ति बन गया है। भारत में कई राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थान विकलांग व्यक्तियों को ऋण देते हैं। ये ऋण मुख्य रूप से राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत दिए जाते हैं और कुछ बैंकों की अपनी विशेष योजनाएं भी हैं जैसे कि बैंक ऑफ इंडिया की स्टार मित्र पर्सनल लोन योजना। भारत में करीब 45 फीसदी दिव्यांगजन लोन लेकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 2. 68 करोड़ दिव्यांगजनों की संख्या बताई गई थी जिनमें 1.50 करोड़ पुरुष और 1.18 करोड़ महिलाएं थीं। इनमें अधिकांश करीब एक तिहाई आबादी गांवों में बताई गई। गनीमन ये रही कि सफल 'पल्स पोलियो अभियान' के बाद दिव्यांगों की संख्या एकदम रुक गई। बीते दो दशकों में भारत में सिंगल केस भी सामने नहीं आया। इसे हुकूमत की बड़ी सफलताओं में गिना जाना चाहिए। वर्ष 2016 से भारत में अक्षम लोगों को नया नाम दिया गया था दिव्यांग। दिव्यांग दिवस अक्षमों विकलांग के अधिकारों और उनके कल्याण को बढ़ावा देने के अलावा उनके राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों के विषय में जागरूकता बढ़ाता है। 1976 में हुई संयुक्त राष्ट्र की आम सभा ने मिलकर विकलांगजनों के लिए आज का खास दिन मुकर्रर किया था। 2016 में भारत के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने विकलांग शब्द को हटाकर उसकी जगह दिव्यांग कहना प्रचलित करवाया था। तभी से बोलचाल की भाषा में अक्षमों को दिव्यांग कहना शुरू किया गया। वह इसलिए कि इस शब्द में सम्मान का भाव झलकता है। विश्व की बात करें तो विकलांगों की संख्या मामले में लातविया अभी भी अव्वल पायदान पर काबिज है, 41.2 आबादी दिव्यांगों की वहां वास करती है। वहीं, दूसरे स्थान फिनलैंड हैं जहां 34.9 दिव्यांग रहते हैं। आज का दिन दिव्यांगों के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा समाज में समावेशिता और भेदभाव समाप्त करने की ललक भी पैदा करता है। देश हो, चाहे विदेश, सरकार केंद्र की हो या राज्यों की, सभी को सामुहिक रूप से दिव्यांगों के प्रति लाचारी नहीं, बल्कि उनके मुकम्मल हकों के लिए लड़ना चाहिए। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईराक जैसे मुल्कों में दिव्यांगों के हालात अभी भी बदतर हैं, इसलिए दिव्यांगों के लिए अभी और समावेशी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। हालांकि, सरकारी सुविधाओं के मिलने के बाद भारत के ज्यादातर दिव्यांगजन साहस, संकल्प के बूते सफलता के नए आयाम गढ़ रहे हैं। खेलों के विभिन्न मंचों पर पैराओलंपिक खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर स्वर्ण अक्षरों में नया इतिहास लिख रहे हैं। प्रसिद्ध दिव्यांग व्यक्तियों में वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और अल्बर्ट आइंस्टीन, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंक्लिन डी. रूज़वेल्ट, और भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी इरा सिंघल की कहानी दूसरे दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करती है। इन्होंने अपनी विकलांगताओं पर विजय प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त करके दूसरों को संबल दिया है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन बना और बिगाड़ सकती हैं ये चीजें



संकलित

**दर्शन**

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित

**प्रेरणा**

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या मजबूत विपक्ष जरूरी नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है और इसमें भी हंगामे और हो-हल्ला होने के चांस हैं, लेकिन संसद में हो हल्ला न हो ऐसे कैसे हो सकता है? क्या विपक्ष सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध नहीं करे? सरकार कोई ऐसा बिल संसद के किसी सत्र में पास करने की कोशिश करे जो आमजन के लिए लाभदायक कम और हानिकारक ज्यादा हो, उसका विरोध विपक्ष न करे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब नोटबंदी का फैसला लिया था, तब वो कितने दिन संसद ही नहीं गए थे। शायद उनके पास इस फैसले से संबंधित विपक्ष के प्रश्नों के जवाब नहीं थे। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। नहीं तो संसद में सत्ताधारी पार्टी कोई भी मनमाना कानून पास कर देगी। *- शरद काले, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदना व्यक्त



राष्ट्रपति दिसानायके से बात कर चक्रवात दित्वा से हुई दुखद जनहानि और व्यापक तबाही पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। एक घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र के रूप में, भारत इस कठिन घड़ी में श्रीलंका और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### वनभूमि कब्जामुक्त होगी



असम की वनभूमि पर जितने भी अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे लोग हैं, उन्हें हटाने के लिए हमारी सरकार कड़ी कार्रवाई करती रहेगी। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक वनभूमि अवैध कब्जाधारियों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाती।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**


### एसआईआर पर चर्चा



आज हमने नियम 267 के तहत जो नोटिस दिया है, सदन में उसका उद्देश्य बताया जाना चाहिए। ये परंपरा रही है। हमारी अपील है कि एसआईआर पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। ये बहुत ही गंभीर मुद्दा है, क्योंकि देश में बीएलओज की जान जा रही हैं। हम इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेसाध्यक्ष**

### उद्यमियों से प्रार्थना



सपने आप अकेले पूरे नहीं करते। जिस समाज ने हमें खड़ा किया, उसे कुछ लौटाना हमारी ज़िम्मेदारी है। यही मेरी सारे उद्यमियों से भी प्रार्थना है। आगे बढ़ रहे हो? बहुत अच्छा। अपने साथ लोगों को भी बढ़ाते चलो। यही असली विकास है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# ट्रंप के हृदय और पेट का एमआरआई सामान्य



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चिकित्सक ने कहा कि राष्ट्रपति का अक्टूबर में एहतियात के तौर हृदय और पेट का एमआरआई स्कैन कराया गया था जिसके परिणाम 'पूरी तरह सामान्य' पाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस द्वारा चिकित्सक की ओर से जारी एक मेमो में यह जानकारी दी गयी है। डॉ. शॉन बारबाबेला ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ट्रंप की शारीरिक जांच में 'एडवांस्ड इमेजिंग' शामिल थी, जो कि ट्रंप की आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए 'मानक शारीरिक परीक्षण' का हिस्सा है। डॉ बारबाबेला ने निष्कर्ष निकाला कि हृदय और पेट की इमेजिंग 'एकदम सामान्य' है। चिकित्सक ने लिखा, 'यह जांच निवारक तौर पर की गयी है ताकि समस्याओं की जल्द पहचान की जा सके, पूरी स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाया जा सके और उनकी दीर्घकालिक जीवन शक्ति तथा कार्यप्रणाली बनी रहे।' ट्रंप द्वारा रविवार को स्कैन के परिणाम जारी करने की घोषणा के बाद व्हाइट हाउस ने बारबाबेला का ज्ञापन जारी किया। इससे पहले व्हाइट हाउस ने यह बताने से इनकार कर दिया था कि अक्टूबर में वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुए इस शारीरिक परीक्षण के दौरान एमआरआई क्यों किया गया था।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा



ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके समीकरणों से पता चलता है कि ब्रह्मांड को या तो विस्तारित होना चाहिए या सिकुड़ना चाहिए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# वैभव ने 14 की उम्र में ठोका तीसरा टी20 शतक, बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में शतक ठोका। इस खिलाड़ी ने 58 गेंद में करियर का तीसरा टी20 शतक पूरा किया। सूर्यवंशी 61 गेंद में सात छक्कों व इतने ही चौकों से 108 रन बनाकर नाबाद रहे। सूर्यवंशी इस शतक के साथ दुनिया के पहले टीनएेजर (किशोर) बन गए, जिन्होंने 14 की उम्र में तीन टी20 शतक लगा दिए। उन्होंने अभी केवल 17 ही टी20 मैच खेले हैं।

वैभव ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाया। इस फॉर्मेट मे बिहार के लिए यह उनका पांचवां ही मैच था। उनकी पारी से बिहार ने कोलकाता में खेले गए मुकाबले में पृथ्वी शॉ की कप्तानी वाली महाराष्ट्र टीम के सामने तीन विकेट पर 176 का स्कोर बनाया। वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में शतक लगाकर कमाल किया था। फिर एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ भी शतक बनाया था।

### सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ 58 गेंद में मारी सेंचुरी



### वैभव का सबसे धीमा टी20 शतक

वैभव की यह सबसे धीमी सेंचुरी रही। उन्होंने एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ 32 गेंद में ही सैकड़ा पूरा कर लिया। यह संयुक्त रूप से भारतीय बल्लेबाजों में तीसरा सबसे तेज शतक रहा।वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 35 गेंद में शतक पूरा किया था।

### पहली बार त्रिपुरा से हारा दिल्ली

**अहमदाबाद।** दिल्ली का मौजूदा घरेलू सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच में आईपीएल खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उसे त्रिपुरा की कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ पहली बार 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। त्रिपुरा के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के बल्लेबाजों ने धीमी पिच पर निराश किया और मणिशंकर मूरासिंह (19 रन पर दो विकेट) तथा विक्की साहा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 145 रन ही बना सके। मूरासिंह ने इससे पहले 18 गेंद में नाबाद 25 रन की पारी भी खेली, जिससे त्रिपुरा ने पांच विकेट पर 157 रन बनाए। दिल्ली की टीम में शामिल नितीश राणा (40 गेंद में 45 रन), आयुष बडोनी (13 गेंद में 14 रन) और प्रियांश (10 गेंद में आठ रन) जैसे आईपीएल खिलाड़ी भी टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### पंड्या ने ढाई महीने बाद आते ही लूटी महफिल, बनाए 77 रन

**हैदराबाद।** हार्दिक पंड्या ने दो महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए नाबाद 77 रन बनाए, जिसकी मदद से बड़ौदा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच में पंजाब को सात विकेट से हराया। पंड्या ने 42 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से यह पारी खेली। पंजाब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 222 रन बनाए थे, जिसमें अभिषेक शर्मा के 19 गेंद में 50 रन शामिल है। पंड्या की पारी के दम पर बड़ौदा ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 224 रन बनाए। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी करके 52 रन दिए और एक विकेट भी लिया।

## खबर संक्षेप



### 7 दिसंबर से एशियाई पैरा खेल, दल को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने दुबई में 7 से 14 दिसंबर तक होने वाले एशियाई युवा पैरा खेलों के लिए 161 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दे दी लेकिन अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं को देखते हुए सभी की पृष्ठभूमि की जांच भी अनिवार्य कर दी है। सूची में 99 खिलाड़ियों (61 पुरुष और 38 महिलाओं) , 62 कोचों, सहयोगी स्टाफ और दल के अधिकारियों के नाम है । मंत्रालय ने दल के लौटने के 30 दिन के भीतर प्रदर्शन पर भी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें एक्शन फोटो और अन्य विजुअल शामिल हैं। भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) को भेजे पत्र में कहा गया,'अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं के कारण मंत्रालय का मानना है कि दल के सदस्यों और अधिकारियों की पृष्ठभूमि की भारतीय खेल प्राधिकरण या राष्ट्रीय खेल महासंघों की ओर से पूरी जांच कराई जाए।'

### दिल्ली हाईकोर्ट ने की बजरंग विनेश की याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के दिसंबर 2023 में हुए चुनाव को चुनौती देने वाली बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और सत्यव्रत कादियान की याचिका खारिज कर दी क्योंकि अलग अलग तारीखों पर भी वे अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए। इन तीनों ओलंपियनों की उम्मीदवार अनिता श्योराण को हराकर संजय सिंह उस समय अध्यक्ष बने थे। न्यायाधीश मिनी पुष्करना ने 27 नवंबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान एक भी याचिकाकर्ता मौजूद नहीं था और पिछली दो सुनवाई में भी वे नहीं आए। अदालत ने अपने फैसले में कहा,'लगता है कि इस मामले को आगे ले जाने में याचिकाकर्ताओं की कोई रुचि नहीं है।' पहलवानों ने आरोप लगाया था कि डब्ल्यूएफआई चुनाव अच्छे और पारदर्शी माहौल में नहीं हुए थे।

### फ्रांस क्वार्टर फाइनल में, बांग्लादेश को हराया



**चेन्नई।** पिछले सत्र के रजत पदक विजेता फ्रांस ने बांग्लादेश को 3-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही फ्रांस की टीम पूल 'एफ' में अधिकतम नौ अंक लेकर शीर्ष पर रही। फ्रांस ने इससे पहले कोरिया को 11-1 और ऑस्ट्रेलिया को 8-3 से हराया था। टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले फ्रांस ने बांग्लादेश के खिलाफ भी मैच के अधिकांश समय अपना नियंत्रण बनाए रखा।

**रायपुर वनडे :** आज दोपहर 1.30 बजे से दो दिग्गज टीमों के बीच कांटे का मुकाबला

# द. अफ्रीका पर श्रृंखला जीत के लिए रो-को पर टिकी भारत की उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर अफवाहों के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को दूसरा वनडे और श्रृंखला जीतने के लिए भारत की उम्मीदें विराट कोहली के शानदार फॉर्म और रोहित शर्मा की दमदार मौजूदगी पर लगी होंगी। कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया। वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिए हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। मुख्य कोच गौतम गंभीर से लगातार बढ़ते मतभेदों का मसला भी अहम है। इसे लेकर लग रही अटकलों के बीच लगता है कि बीसीसीआई को कहीं न कहीं दखल देना होगा।



### रोहित-कोहली ने किया विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता

पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है। रोहित के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अक्टूबर में आस्ट्रेलिया को सिडनी वनडे में नौ विकेट से हराया था। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और गंभीर ने विश्व कप में दोनों की भागीदारी को लेकर कुछ नहीं कहा है, जो शायद तनाव की वजह हो सकता है । पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया लेकिन वह इसके लिये तैयार नहीं दिखे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे। वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजा गया लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिए।

### रायपुर वनडे में बावुमा और महाराज की वापसी

मार्को यानसेन ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 39 गेंद में 70 रन बनाये ।मैथ्यू ब्रीज्के ने भारत के खिलाफ पहला वनडे खेलते हुए 72 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला, जिन्हें आराम दिया गया था। अब दोनों की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम पर एकमात्र वनडे जनवरी 2023 में खेला गया था जब पिच से मिलने वाली सीम की मदद से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड टीम को 108 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने 30 ओवर बाकी रहते आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। यहां दिसंबर 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में भी भारत ने 20 रन से जीत दर्ज की थी।

### संभावित टीमें

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, मार्को यानसन, टोनी डी जॉर्जी , रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**आईपीएल 2026**

# नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल, नाम लिया वापस




एजेंसी ▶▶| सिडनी

आईपीएल में एक दशक के कैरियर में कुछ खास नहीं कर सके ग्लेन मैक्सवेल ने अबुधाबी में 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से नाम वापिस ले लिया। 'बिग शो' के नाम से मशहूर 37 वर्ष के मैक्सवेल ने 2012 से हर आईपीएल (2019 को छोड़कर) खेला है। वह 141 मैचों में 2819 रन ही बना सके और उनका औसत 24 से भी कम रहा। उन्होंने अपनी आफ ब्रेक गेंदबाजी से 8.30 की इकॉनामी रेट से 41 विकेट लिए।

■ आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा

### भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी : मैक्सवेल

मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा,'आईपीएल में कई यादगार सत्रों के बाद मैंने इस साल नीलामी से नाम वापिस लेने का फैसला किया है। यह बड़ा फैसला है और लीग से जो कुछ भी मिला है, उसके प्रति कृतज्ञता जताते हुए लिया है।' उन्होंने लिखा,'आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा है। मैंने कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और टीमों के साथ खेला और क्रिकेट के लिए असाधारण जुनून रखने वाले दर्शकों के सामने खेला है। ये यादें, चुनौतियां और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी।' मैक्सवेल ने कोई कारण नहीं बताया लेकिन अधिकांश बड़ी टीमें उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए इंतजार से थक चुकी हैं। अक्सर महंगे दामों पर बिकने के बावजूद वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

**हॉकी**

## भारत ने स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

भाषा ▶▶| मदुरै

मनमीत सिंह ने दो गोल करके अपने जन्मदिन का जश्न मनाया जबकि शारदा नंद तिवारी ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जिससे भारत ने मंगलवार को यहां एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप में स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत तीन मैच में तीन जीत से नौ अंक के साथ पूल बी में शीर्ष पर रहा। भारत के लिए मनमीत (दूसरे और 11वें मिनट) और शारदा नंद तिवारी (13वें और 54वें मिनट) ने दो-दो गोल किए जबकि अर्शदीप सिंह (28वें मिनट) ने भी एक गोल दागा। इस बीच यहां पहले मैच में स्पेन ने नामीबिया को 13-0 से हराकर तीन मैच में सभी जीत के रिकॉर्ड के साथ पूल डी में शीर्ष पर रहते हुए सीधे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। ब्रूनो एविला (पांचवें, 23वें, 47वें, 58वें मिनट) ने हैट्रिक सहित चार गोल किए जबकि एंड्रेस मेडिना (सातवें, और 27वें) और जोसेप मार्टिन (44वें और 59वें) ने दो-दो गोल दागे। अल्बर्ट सेराहिमा (15वें), निकोलस मुस्टारोस (37वें), टोन मोरन (41वें), एलेक्स बोज़ल (54वें) और पेरे अमात (55वें) ने स्पेन के लिए एक-एक गोल किया। पूल डी के दूसरे मैच में बेल्जियम ने मिस्र को 10-0 से हराकर दूसरी सबसे अच्छी टीम के तौर पर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मैक्सिमिलियन लैंगर (18वें, 25वें और 59वें मिनट) ने बेल्जियम के लिए हैट्रिक लगाई जबकि लुकास बल्थाजार (चौथे और 23वें), बेंजामिन थिएरी (28वें), मैथियास फ्रैंकोइस (33वें), जीन क्लोएटेंस (50वें), ह्यूगो लाबुशेरे (53वें) और मारिन वैन हील (56वें) ने भी गोल दागे।

## आईपीबीएलः चेन्नई सुपर वॉरियर्स और कैपिटल वॉरियर्स गुड़गांव को मिली जीत

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर वॉरियर्स ने इंडियन पिकलबॉल लीग (आईबीपीएल) में मंगलवार को हैदराबाद रॉयल्स पर 4-2 की शानदार जीत के साथ अपना अजेय क्रम जारी रखा तो वहीं, कैपिटल वॉरियर्स गुरुग्राम ने बेंगलुरु ब्लास्टर्स के खिलाफ एक रोमांचक 'ग्रैंड रैली' मुकाबले में जीत हासिल कर सत्र में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। इस बीच लखनऊ लेपड्र्स ने भी जबरदस्त वापसी करते हुए मुंबई स्मैशर्स के साथ 3-3 से बराबरी का मुकाबला खेलकर ड्रा अर्जित किया। हैदराबाद रॉयल्स और चेन्नई सुपर वॉरियर्स दोनों ही टीमें इस मैच से पहले अजेय थीं। मिच हैरग्रीव्स ने शुरुआती मुकाबले में दिव्यांशु कटारिया से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 15-14 से जीत दर्ज कर चेन्नई की टीम को आगे कर दिया। चेन्नई ने पुरुष युगल में इस लय को जारी रखा जहां हैरग्रीव्स और हर्ष मेहता की जोड़ी ने कटारिया और बेन न्यूवेल को 15-13 से हराया। रूज़ वैन रीक ने महिला एकल में मेगन फुज को 15-7 से शिकस्त दी और फिर आलिया इब्राहिम के साथ मिलकर महिला युगल को 15-11 से जीतकर मुकाबला चेन्नई के नाम कर दिया। हैदराबाद ने ग्रैंड रैली में 21-16 से जीत हासिल करके कुछ सम्मान बचाया, लेकिन चेन्नई ने लगातार दो दिनों में दो जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा।




### आयरलैंड को 8 विकेट से हारकर बांग्लादेश ने जीती 2-1 से सीरीज

**चटगांव।** बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। मेजबान टीम ने मतिउर रहमान स्टेडियम में खेले गए सीरीज के अंतिम मुकाबले में 8 विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 7 बाउंड्री के साथ 55 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, मेहदी हसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। चटगांव में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए आयरलैंड की टीम 19.5 ओवरों में महज 117 रन पर सिमट गई। इस टीम को कप्तान पॉल स्टर्लिंग और टिम टेक्टर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 4 ओवरों में 38 रन टीम के खाते में जोड़े। टिम टेक्टर 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया।

**न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज पहला टेस्ट**

## विलियमसन की वापसी, लगाया अर्धशतक ब्रेसवेल-स्मिथ की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 9 विकेट पर 231 रन बनाए। विलियमसन ने 102 गेंद में छह चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली।

उन्होंने सलामी बल्लेबाज और कप्तान टॉम लैथम (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए उस समय 93 रन की साझेदारी की जब टीम ने मैच की तीसरी गेंद पर ही डेवोन कॉनवे (00) का विकेट गंवा दिया था। विलियमसन हालांकि 33 गेंद के निजी स्कोर पर भाग्यशाली भी रहे जब वह ओजाय शील्ड्स की गेंद पर बोल्ड हो गए थे लेकिन यह नोबॉल हो गई।






**एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा बाहर**

# इंग्लैंड ने ब्रिसबेन टेस्ट के लिए वुड की जगह जैक्स को दिया मौका

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह स्पिन गेंदबाजी करने वाले विल जैक्स के रूप में एकमात्र बदलाव किया गया है। हरफनमौला विल जैक्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से ब्रिसबेन में शुरू हो रहे दिन-रात्रि मैच के लिए एकादश में शामिल किया गया है। जैक्स को पिछले दो साल से टीम के नियमित स्पिनर रहे शोएब बशीर पर तरजीह दी गई है। जैक्स ने तीन साल पहले पाकिस्तान में दो टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने उसके बाद से ज्यादातर सीमित ओवरों के मैच खेले हैं।



**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद बशीर

वुड के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने जोश टंग और मैथ्यू पॉट्स जैसे तेज गेंदबाजों पर एक स्पिन गेंदबाजी करने वाले को प्राथमिकता दी है। बशीर पिछले दो वर्षों में टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद के स्पिनर रहे हैं। उन्होंने 19 मैचों में 68 विकेट लिए हैं। 22 वर्षीय बशीर पहले टेस्ट में टीम के 12वें खिलाड़ी थे। इंग्लैंड इस टेस्ट मैच को दो दिन के अंदर हार गया था। इस बीच एशेज से जुड़ी एक अन्य खबर में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण ब्रिसबेन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इस चोट ने पहले मैच में भी उन्हें परेशान किया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में कर्फ्यू जेल तोड़ने की तैयारी!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की हत्या की अटकलें लगातार तूल पकड़ रही हैं। उनकी पार्टी के समर्थक आदियाला जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। इमरान खान के परिजनों को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है, जिससे प्रदर्शनकारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

### भारतीय राजदूत क्वात्रा से हुई चर्चा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने ऊर्जा, रक्षा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों के एक समूह के साथ 'उपयोगी बातचीत' की। क्वात्रा ने कहा कि उन्हें अमेरिकी सीनेटर लिंडसे , रिचर्ड ब्लूमेंथल, शेल्डन व्हाइटहाउस, पीटर वेल्च, डैन सुलिवन और मार्कवेन मलिन की मेजबानी करने का मौका मिला।

### इंडिगो विमान की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**हैदराबाद।** बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद मंगलवार को इंडिगो की कुवैत-हैदराबाद उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतारा गया। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। धमकी भरे ईमेल में दावा किया था।


अमेरिकी टैरिफ पर रूस ने दो टूक कहा

# मॉस्को-नई दिल्ली भारत का निर्यात बढ़ाने के लिए साथ कर रहे हैं काम

तेल का व्यापार नहीं होगा कम, रूसी प्रवक्ता पेस्कोव का आश्वासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम देशों के कड़े आर्थिक प्रतिबंधों और अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर चलाने के बीच रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों पर बयान दिया है। रूस ने साफ किया है कि नई दिल्ली के साथ उसका रिश्ता किसी 'तीसरे पक्ष' के दबाव में खत्म नहीं होने वाला। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने एक अहम बयान में न केवल तेल व्यापार को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है, बल्कि भारत के लिए सिरदर्द बन चुके 'व्यापार घाटे' को सुलझाने का रोडमैप भी पेश किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और यूरोपीय देश रूस की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मॉस्को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत के साथ होने वाले तेल व्यापार पर न पड़े। पेस्कोव ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि व्यापार की मात्रा में, विशेषकर तेल के क्षेत्र में, कोई कमी न आए। रूसी अधिकारी का यह बयाान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। पश्चिमी देशों ने 'प्राइस कैप' और टैंकरों पर प्रतिबंध लगाकर इस सप्लाई चेन को तोड़ने की कोशिश की है।



दिमित्री पेस्कोव

◆ मॉस्को प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत पर न पड़े



ये दोस्ती हम नहीं छोड़गे... फाइल फोटो

### बाहरी दबाव से बचने के लिए सुरक्षा कवच तैयार करना होगा

पेस्कोव ने कूटनीतिक रूप से अमेरिका का नाम लिए बिना साफ संदेश दिया कि दोनों देशों को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक 'सुरक्षा कवच' तैयार करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत और रूस को अपने द्विपक्षीय व्यापार को बाहरी दबाव और तीसरे देशों के हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना होगा। विश्लेषकों का मानना है कि यह इशारा सीधे तौर पर स्विफ्ट बैंकिंग सिस्टम से अलग, एक स्वतंत्र भुगतान प्रणाली (जैसे रुपये-रूबल व्यापार या डिजिटल करेंसी) को और मजबूत करने की ओर है।

### *मेक इन इंडिया को मिल सकता है बल*

*पेस्कोव ने यह भी जानकारी दी कि मॉस्को और नई दिल्ली भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह कदम न केवल व्यापार संतुलन को सुधारेगा बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया अभियान को भी रूस के रूप में एक बड़ा और स्थाई बाजार दिला सकता है।*

### एस-400 डिफेंस सिस्टम और एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की डील होगी फाइनल?

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को दो दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस बीच रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पुष्टि की है कि सुखोई एसयू-57 स्टील्थ फाइटर जेट और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम सहित प्रमुख रक्षा समझौतों पर चर्चा होने की उम्मीद है। दिमित्री पेसकोव ने कहा कि मुझे कोई शक नहीं है कि यात्रा के दौरान इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि एसयू-57 का मुद्दा निश्चित रूप से पुतिन की भारत यात्रा के एजेंडे में होगा। बता दें कि भारत अपने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए 300 रूसी मिसाइलें खरीदने की योजना बना रहा है और पांच अतिरिक्त एस-400 स्क्वाड्रन भी हासिल करना चाहता है। रिपोर्ट्स के अनुसार भारत इन मिसाइलों की खरीद के लिए मॉस्को को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करने की तैयारी कर रही है, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तैनात किया गया था। उम्मीद है कि इस मामले पर 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली बैठक में चर्चा होगी।



*देश पर आतंक का खतरा अभी टला नहीं*



# किले में तब्दील हुई राजधानी, आतंकियों की साजिश नाकाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश पर आतंक का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। फरीदाबाद मॉड्यूल और दिल्ली ब्लास्ट के बाद राजस्थान से बड़ी संख्या में विस्फोटक बरामद हुआ है। यह विस्फोटक इतना खतरनाक था कि 10 किलोमीटर के क्षेत्र को एक धमाके में तबाह कर सकता था। पुलिस के अनुसार, पिकअप वैन में जितना विस्फोटक मौजूद था, अगर इसमें ब्लास्ट होता तो 10 किलोमीटर तक का क्षेत्रफल प्रभावित हो सकता था। हालांकि, इस विस्फोटक को कहां लेकर जाया जा रहा था? इसका अंदाजा अभी नहीं लग सका है। पुलिस पिकअप वैन के ड्राइवर से पूछताछ कर रही है, जिसमें कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। उन सभी की तलाश जारी है। राजस्थान पुलिस ने राजसमंद से यह विस्फोटक बरामद किया है।

### *पिकअप के साथ दो आरोपी पकड़े*

प्रारंभिक जांच में विस्फोटक सामग्री ले जाने संबंधी कोई परमिट नहीं मिला और सुरक्षा को लेकर गंभीर बेपरवाही सामने आई है। नाथद्वारा पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार सुबह श्रीनाथजी थाना पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। तभी एक पिकअप को रूकवाया, तो प्रारंभिक पूछताछ में चालक व परिचालक कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। फिर पिकअप की तलाशी लेने पर विस्फोटक सामग्री मिली। इस पर पुलिस ने आमेट निवासी भगवतसिंह व गंगापुर हिम्मतसिंह को डिटेन कर लिया। साथ ही पिकअप के साथ उसमें भरी विस्फोटक सामग्री में डिटोनेटर, फ्यूज तार को जब्त किया गया है।

